RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 165 • 06.10.2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुलेंगे हजारों पुराने मामले?

## 6 साल तक पुनर्मूल्यांकन का अधिकार मिला आयकर विभाग को

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से हजारों मामले दोबारा खोलने का अधिकार आयकर विभाग को मिल गया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कराधान और अन्य कानून (कुछ प्रावधानों में छूट और संशोधन अधिनियम) के तहत 1 अप्रैल 2021 के बाद भी नोटिस जारी कर प्रक्रिया को शुरु किया जा सकता है। इस फैसले से 90 हजार पुनर्मूल्यांकन नोटिस पर असर पड़ना लाजमी है। यहां बताते चलें कि आयकर विभाग के ये पुनर्मूल्यांकन नोटिस 2013-14 से 2017-18 तक के हैं जो कि हजारों करोड़ के क्वांटम से जुड़े हैं। आईटी एक्ट के 1 अप्रैल 2021 को लागू प्रावधान में कहा गया था कि विभाग संबंधित मूल्यांकन वर्ष से 6 साल तक पुनर्मूल्यांकन कर सकता है। इसके लिए 1 लाख या फिर उससे ज्यादा की छोड़ी गई आय होनी चाहिए। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आयकर विभाग पुराने कानून के तहत भी नोटिस जारी कर सकेगा।



**हाईकार्ट्स ने कर दिया था खारिज** : गौरतलब है कि बॉम्बे हाईकोर्ट, गुजरात और इलाहाबाद हाईकोर्ट समेत सात अलग-अलग हाईकोट्र्स ने अलग-अलग टिप्पणी करते हुए सभी पुनर्मूल्यांकन नोटिसों को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि करदाताओं के अधिकारों के लिए नए प्रावधान ज्यादा उपयुक्त हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने सुना दिया फैसला** : सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने इन आदेशों के खिलाफ दायर 727 अपीलों को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने फैसला सुना दिया कि 1 अप्रैल 2021 के बाद आयकर अधिनियम औक प्रतिस्थापित प्रावधानों के साथ पढ़ा जाना चाहिए। ऐसे में टोल्टा अप्रैल 2021 के बाद भी लागू रहेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर आयकर अधिनियम के प्रतिस्थापित प्रावधानों के तहत कोई कार्रवाई 20 मार्च 2020 और 31 मार्च 2021 के बीच पूरी की जानी थी तो यह 1 अप्रैल 2021 के बाद भी टोला लागू रहेगा। 2021 के संशोधन में इस समयसीमा को बदलकर कहा गया कि आईटी 50 लाख तक छिपाई गई इनकम को लेकर तीन साल पीछे तक के मामलों पर भी कार्रवाई कर सकता है। इसके अलावा अगर यह राशि 50 लाख से ज्यादा है तो 10 साल पहले तक के मामलों को भी खोला जा सकता है। 2021 के संशोधन में धारा 148ए के तहत नया प्रावधान जोड़ दिया गया जिसमें कहा गया कि आयकर विभाग को रीअसेसमेंट नोटिस भेजने से पहले एक कारण बताओ नोटिस भी जारी करना होगा। इसके अलावा इस प्रावधान में करदाताओं को सुनवाई का अधिकार भी दिया गया था। वहीं कोविड 19 के दौरान सरकार ने पुराने कानून के हिसाब से नोटिस भेज दिए। 1 अप्रैल 2021 से 30 जून 2021 के बीच पुराने नियम के मुताबिक नोटिस भेजे गए।

## मौत के बाद भी सरोगेसी के माध्यम से बच्चा पैदा करने पर कानूनी रोक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली**। मृत व्यक्ति के स्पर्म से सरोगेसी से बच्चा पैदा करने पर कानूनी रोक नहीं है। इस आशय का फैसला दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया है। दरअसल, मामला ये था कि सर गंगाराम अस्पताल को एक मृत व्यक्ति के फ्रीज कराए गए स्पर्म को अस्पताल ने देने से इनकार कर दिया था। जब मामला अदालत में पहुंचा तो कोर्ट स्पर्म सौंपने का आदेश देते हुए साफ कहा कि इससे सरोगेसी से बच्चा पैदा करने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। इस मामले की शुरुआत कैंसर से पीड़ित बेटे की कीमोथेरेपी शुरू होने से पहले 2020 में उसके वीर्य के नमूने को फ्रीज करवाने से हुई थी। क्योंकि डॉक्टरों ने बताया था कि कैंसर के इलाज से बांझपन हो सकता है। इसलिए उनके बेटे ने जून 2020 में अस्पताल की




आईवीएफ लैब में अपने स्पर्म को फ्रीज करने का फैसला किया था। जब मृतक के माता-पिता ने वीर्य का नमूना लेने के लिए अस्पताल से संपर्क किया तो अस्पताल ने कहा कि अदालत के उचित आदेश के बिना नमूना जारी नहीं किया जा सकता। अदालत ने 84 पेज के फैसले में कहा कि याचिका में संतान को जन्म देने से संबंधित कानूनी व नैतिक मुद्दों समेत कई महत्वपूर्ण मसले उठाए गए हैं। अदालत ने कहा, "माता-पिता को अपने बेटे की अनुपस्थिति में पोते-पोती को जन्म देने का मौका मिल सकता है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में सहयोग करेगा भारत: राजनाथ सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इलाके में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनी हुई भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का जोर क्षेत्र में विवादों के शांतिपूर्वक निपटारे के अलावा सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की ओर है। भारत यहां एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और यूएन के तहत बनाए गए वैश्विक नियम-कानूनों के सम्मान के अपने पुराने रुख पर कायम है। यह जानकारी राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित किए गए इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग-2024 (आईपीआरडी) को संबोधित करते हुए दी। यह तीन दिवसीय सम्मेलन है जिसकी शुरुआत बीते तीन अक्टूबर को हो गई थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए भारत का विजन सतत-आर्थिक विकास और आपसी सुरक्षा को लेकर भागीदारी बढ़ाने की ओर है। हमें क्षेत्र में एक भरोसेमंद, पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और हिंद-प्रशांत में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। हम आसियान की केंद्रीयता के



साथ क्षेत्रीय संवाद, स्थायित्व और सामूहिक विकास के पक्षधर हैं। भारत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। उसकी क्षेत्रीय भागीदार देशों के साथ तमाम गतिविधियां जारी हैं। इनमें द्विपक्षीय अभ्यास, सूचना साझा करने वाले कदम और सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करना शामिल है। इलाके में हिंद-प्रशांत के देशों के साथ सहयोग बढ़ाने में भारतीय नौसेना की काफी अहम भूमिका है। वह लगातार तमाम भागीदारों के साथ क्षमता विकास में लगी हुई है। भारत का हित विवाद में नहीं बल्कि समुद्री सहयोग को लगातार बढ़ावा देने की ओर है। किसी देश का हित अन्य किसी के साथ विवाद में आने का नहीं होना चाहिए। हम साथ मिलकर कार्य कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिदृश्य को शक्तियों के बदलते आयाम, संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और उभरते सुरक्षा खतरे आकार दे रहे हैं। हिंद-प्रशांत का उभार वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन को प्रदर्शित करता है। यह दुनिया का सबसे जटिल भू राजनीतिक जोन है। जो आर्थिक और सामरिक हितों का केंद्र बिंदु है। यहां पूर्व में मौजूद कई अंतरराष्ट्रीय विवाद, प्रतिस्पर्धा और विवाद भी हैं। इनमें से कुछ स्थानीय प्रकृति के हैं जबकि कई के वैश्विक परिणाम, प्रभाव भी हैं। समुद्री संसाधनों के सम्मान के साथ हम देख रहे हैं कि भू राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में सराहनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। जनसंख्या के निरंतर बढ़ने के साथ समुद्री संसाधनों की मांग भी बढ़ रही है।उधर, एसआईडीएम के 7 वें वार्षिक सत्र में रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार रक्षा उद्योग को निर्यातोन्मुखी बनाकर भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र ने उद्योग को लक्ष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ बढ़ते हुए निर्यात अनुपात आयात को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने संगठन से बड़ी कंपनियों और विदेशी ओईएम को भारत में निवेश करने या कंपनी-2 आधार पर संयुक्त उद्यम खोलने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रोडमैप तैयार करने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग मामले में 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी, 4 को हिरासत में लिया




**नई दिल्ली**। आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के मामले में नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की है। महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में हुई कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है,उनसे इस सबंध में पूछता की जा रही है। एनआईए को संदेह है कि इन लोगों का संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से हो सकता है। मालेगांव के एक होम्योपैथी क्लिनिक से 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह पर पूछताछ की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में इकबाल भट नाम के व्यक्ति के यहां छापेमारी की गई है, जो टेरर फंडिंग के आरोपों का सामना कर रहा है। इसके अलावा, कश्मीर के अन्य स्थानों पर भी एनआईए की कार्रवाई जारी है। इससे पहले, 1 अक्टूबर को एनआईए ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में छापेमारी की थी। इन छापों में एनआईए ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 जगहों पर संदिग्धों के घरों की तलाशी ली थी। ये संदिग्ध भाकपा (माओवादी) के सदस्य बताए जा रहे थे, जो नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में संगठन के कमांडरों की मदद कर रहे थे। तलाशी के दौरान कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए थे। उत्तरी कश्मीर के बारामूला के संगरी कॉलोनी में स्थित एक घर पर एनआईए ने छापेमारी की।

### इस बार क्वाड देशों के बीच समुद्री अभ्यास मालाबार की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली**। क्वाड देशों के बीच विशाखापट्टनम में 08 अक्टूबर को भारत की मेजबानी में समुद्री अभ्यास मालाबार शुरू होगा, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं हिस्सा लेंगी। इस समुद्री अभ्यास की शुरुआत विशाखापट्टनम में बंदरगाह चरण से होगी और उसके बाद समुद्री चरण होगा। हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से दो चरणों में यह नौसैन्य अभ्यास 18 अक्टूबर तक चलेगा। मालाबार अभ्यास 1992 में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था, जो अब प्रमुख बहुपक्षीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो गया है। इसका उद्देश्य अंतर-संचालन को बढ़ाना, आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इस अभ्यास में विभिन्न भारतीय नौसेना प्लेटफॉर्म शामिल होंगे, जिसमें गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, बहुउद्देश्यीय फ्रिगेट, पनडुब्बी, फिक्स्ड विंग एमआर, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने एमएच-60आर हेलीकॉप्टर और पी-8 समुद्री गश्ती विमान के साथ एक एन्ज़ैक क्लास फ्रिगेट एचएमएएस स्टुअर्ट को तैनात करेगा।

# पाकिस्तान में इमरान खान की पीटीआई ने हुकूमत का ललकारा

## लाहौर और इस्लामाबाद में चप्पा-चप्पा सील

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के बाशिंदे पिछले 24 घंटे से दहशत के साये में हैं। यहां का डी चौक युद्ध के मैदान जैसा दिख रहा है। अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की ललकार से हुकूमत हिल गई है। पीटीआई के आज लाहौर स्थित मीनार-ए-पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन के आह्वान ने पंजाब प्रांत की सरकार की मुसीबत बढ़ा दी है। पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, पीटीआई के लाहौर में विरोध प्रदर्शन के बीच पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आवास जाति उमरा के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अड्डा प्लॉट से जाति उमरा की ओर जाने वाले मार्गों को कंटेनरों से अवरुद्ध कर दिया गया है। यही नहीं प्रदर्शन स्थल मीनार-ए-पाकिस्तान को सील कर दिया गया है। मीनार की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर कंटेनर रखे गए हैं। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए 600 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाहौर में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। लाहौर में मेट्रो बस सेवा आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई है। पंजाब सरकार ने धारा 144 लागू करते हुए लाहौर में आठ अक्टूबर तक के लिए राजनीतिक सभा, धरना, रैली और विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, सार्वजनिक समारोह आतंकवादियों के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं। इसलिए धारा 144 लगाई गई है। यह कदम पीटीआई के आज लाहौर में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले उठाया गया है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद पुलिस ने कल योजनाबद्ध विरोध प्रदर्शन के लिए डी-चौक पहुंचने का प्रयास कर रहे पार्टी संस्थापक इमरान खान की बहनों सहित पीटीआई के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इमरान खान की बहनें अलीमा खान और उज्मा खान को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया जब वे कार्यकर्ताओं के साथ डी-चौक पहुंच गईं। इमरान खान की दो बहनों को सचिवालय पुलिस स्टेशन ले जाया गया।



### पाकिस्तान में आतंकियों से मुठभेड़ में लेफ्टिनेंट कर्नल समेत छह सैनिकों की मौत, छह ख्वारिज भी मारे गए

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिनवाम इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक लेफ्टिनेंट कर्नल सहित छह सैनिकों की मौत हो गई। इस मुठभेड़ में छह ख्वारिज (दहशतगर्द) भी ढेर हो गए। एआरवी न्यूज चैनल ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी। आईएसपीआर ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह मुठभेड़ चार और पांच अक्टूबर की दरमियानी रात हुई। लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अली शौकत ख्वारिज के खिलाफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। 43 वर्षीय लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अली शौकत फैसलाबाद के रहने वाले थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बेटे छोड़ गए हैं। आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षाबलों ने स्वात का दौरा करने वाले विदेशी राजनयिकों के काफिले पर हाल ही में हुए हमले में शामिल आतंकवादी अट्टा उल्लाह उर्फ मेहरान को भी मुठभेड़ में मार गिराया। मेहरान खारजी रिंग लीडर था। एक अन्य आतंकवादी को जीवित दबोचा गया।

# राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती हैं गलत सूचना और सनसनीखेज बातें : उपराष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

गलत सूचना, सनसनीखेज और राष्ट्र-विरोधी नेरेटिव से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से इन खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झूठे नेरेटिव और सनसनीखेज बातें भले ही दिलचस्प हों, लेकिन वे देश के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती हैं। मीडिया को इन ताकतों को बेअसर करना चाहिए और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रतिदिन मीडिया नेटवर्क द्वारा आयोजित 'कॉन्क्लेव 2024' में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर जोर




दिया। धनखड़ ने सरकार की "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" के परिवर्तनकारी प्रभाव और राष्ट्रीय नेरेटिव को आकार देने में मीडिया के महत्व पर भी प्रकाश डाला। धनखड़ ने मीडिया से पूर्वोत्तर के लिए राजदूत के रूप में काम करने और इसकी पर्यटन क्षमता और विकासात्मक प्रगति को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "मीडिया जनता को सूचित करने और दिमाग को प्रज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आपकी कहानियां विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण के रूप में काम कर सकती हैं, जो हमारे विविध क्षेत्रों में मौजूद अद्वितीय अवसरों पर प्रकाश डालती हैं। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बढ़ते तकनीकी व्यवधान के दौर में जिम्मेदार मीडिया की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक संवाद की अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, "संपादकीय क्षेत्र को जनता को सूचित और संवेदनशील बनाना चाहिए ताकि मीडिया लोकतंत्र का प्रहरी बना रहे। उन्होंने आपातकाल के दौरान समाचार पत्रों के साहसी रुख को भी याद किया, जब कुछ ने अपने संपादकीय स्थान को खाली छोड़कर सेंसरशिप का विरोध किया था। उन्होंने कहा, "मीडिया को हमेशा लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में खड़ा रहना चाहिए।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रेस की स्वतंत्रता उसकी जिम्मेदारी से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, "मैं मीडिया से आग्रह करता हूं कि वह भारत के अभूतपूर्व विकास पथ पर ध्यान केंद्रित करे और एक सूचित और संतुलित संवाद को बढ़ावा दे जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करे।

### मोदी के नेतृत्व में आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा खादी उद्योग : अमित शाह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधी जयंती पर 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड दो करोड़ रुपये की बिक्री पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मोदी की खादी एवं स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील अब एक क्रांति बन चुकी है और उनके नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस गांधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड 2.01 करोड़ की बिक्री वास्तव में आनंद का विषय है। इससे खादी के कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा।

# पाकिस्तान यात्रा केवल बहुपक्षीय, इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं: विदेश मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उनकी पाकिस्तान यात्रा बहुपक्षीय मंच में भागीदारी से जुड़ी है और इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि वे हर यात्रा से पहले अपेक्षित और अनपेक्षित दोनों स्थितियों के लिए पूरी तैयारी के साथ जाते हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित शासन व्यवस्था पर सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे दुनिया बहु-ध्रुवीय व्यवस्था में लौट रही है। ऐसे में आत्मविश्वास, यथार्थवाद, तैयारी और विकसित भारत के लिए राष्ट्रवाद के सही संतुलन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी मौजूद रहे। जयशंकर ने कहा कि इस महीने के मध्य में उनका पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम है। वे वहां भारत, पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हैं। वे एससीओ के एक सदस्य के नाते वहां जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे एक विनम्र और सभ्य व्यक्ति हैं, इसलिए अच्छा व्यवहार करेंगे। विदेश मंत्री डॉ जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में शामिल होने जाएंगे। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान के संबंधों के कारण यह माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल नहीं होंगे। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं।



# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी जारी, इजराइल के हाइफा पर लेबनान से दागे गए दो रॉकेट

एजेंसी। बेरूत

इजराइल के लड़ाकू विमानों ने आज सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत के अलावा चौइफात और बोरज अल ब्रजनेह में बमबारी की। हिजबुल्लाह आतंकवादियों के कमांड सेंटर को भी निशाना बनाया । इस बीच लेबनान से भी इजराइल के हाइफा पर दो रॉकेट दागे गए। इजराइल की सेना लेबनान के कई हिस्सों पर बम बरसा रही है। वह लगातार ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के बंकरों को ध्वस्त कर रही है। इजराइल ने जमीनी लड़ाई भी छेड़ दी है। ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) के अनुसार, इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह से चौइफात



और बोरज अल ब्रजनेह सहित लेबनान की राजधानी के कई इलाकों पर बमबारी की है। इसके अलावा बेदावी शरणार्थी शिविर पर इजराइली ड्रोन हमले में सईद अताउल्लाह अली और उनकी पत्नी और दो बच्चों की जान चली गई। ड्रोन से एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। हमास ने कहा है कि इजराइल को इन अपराधों का अंजाम भुगतना होगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान में सलाह घंडौर अस्पताल के पास स्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया। यह सेंटर एक मस्जिद के अंदर स्थापित किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि वायुसेना की कार्रवाई से पहले स्थानीय नागरिकों को आगाह किया गया। पिछले चार दिन में आईडीएफ ने लेबनान में 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर 250 हिजबुल्लाह आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें पांच बटालियन कमांडर, 10 कंपनी कमांडर और छह प्लाटून कमांडर शामिल हैं। इजराइली वायुसेना दक्षिणी लेबनान में खुफिया आधारित अभियानों के दौरान एहतियाती हमले भी कर रही है। कल बेरूत में एक सटीक और खुफिया-आधारित हमले के दौरान हिजबुल्लाह की संचार इकाई का कमांडर मोहम्मद राशिद सकाफी मारा गया।

# दुनिया को युद्ध की ओर ले जाती सैन्य तैनाती

**नई दिल्ली**। हमास ने इजरायल पर हमला करके जिस युद्ध का आगाज किया था अब वह विश्व स्तर का होने जा रहा है। यह आशंका इसलिए जताई जा रही है क्योंकि एक तरफ अमेरिका ने 43 हजार सैनिक तैनात करने का फैसला ले लिया है तो वहीं ब्रिटेन भी सेना बढ़ाने को लेकर स्पष्ट कह चुका है। वहीं ईरान ने इजरायल को चुनौती देते हुए किसी भी कार्रवाई का जवाब देने की बात कह कर विश्व को इस युद्ध के लिए तैयार रहने जैसी बात कह दी है। इस समय इजरायल-ईरान के बीच का तनाव चरम पर है, इससे मिडिल-ईस्ट की स्थिति तेजी से बदल रही है। दुनिया के तमाम देशों की नजर इस बदलते रुख पर टिकी हुई हैं। अमेरिका ने 43 हजार सैनिक तैनात करने का फैसला किया है तो ब्रिटेन भी अपनी सेना बढ़ाने की बात कह रहा है। कुल मिलाकर इन देशों ने सेना तैनाती और बल बढ़ाने की बात कह कर कोई शांति लाने जैसा उपक्रम नहीं किया है। दोनो ही देश आग में घी डाल रहे हैं, जिससे विश्व युद्ध की आधारशिला रखी जा सकेगी।

## जाकिर नाइक के पाकिस्तान में भव्य स्वागत से भड़के भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली**। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के पाकिस्तान में किए गए हालिया भव्य स्वागत की भारत ने निंदा करते हुए कहा है कि मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है कि जाकिर नाइक ने पाकिस्तान की यात्रा की है। जहां पाक ने गले लगाकर उसका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे हमें कोई आश्चर्य नहीं हुआ है कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में भव्य स्वागत किया गया है। यह निराशाजनक होने के साथ ही निंदनीय भी है। भारत के कानून के हिसाब से नाइक उसका एक भगोड़ा अपराधी है। वह किस पासपोर्ट या कागजों के आधार पर पाकिस्तान पहुंचा। उसके बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री के भारत दौरे के वक्त इस मामले पर चर्चा की गई थी। जायसवाल ने मौजूदा तनाव के बीच इजरायल, ईरान सहित खाड़ी के अन्य देशों से भारतीयों की वापसी को लेकर कहा कि इसे लेकर भारतीय विमान उड़ान भर रहे हैं।

# गुरुजी करेंगे लाल पेन का उपयोग, सभी आरडीडीई डीईओ और डीपीओ को विभाग का निर्देश



**पटना,एजेंसी।** बिहार सरकार ने राज्य के प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 8) में शिक्षण गुणवत्ता सुधारने और छात्रों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने आरडीडीई, डीईओ और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि अब से कक्षा 1 से 8 के छात्रों के गृह कार्य और कक्षा कार्य का मूल्यांकन लाल पेन से किया जाएगा। इस दिशा में उठाए गए कदम से शिक्षा में सुधार की उम्मीद की जा रही है। शिक्षा विभाग ने 'शिक्षक मार्गदर्शिका' के तहत यह सुनिश्चित किया है कि सभी शिक्षक गृह कार्य और कक्षा कार्य के मूल्यांकन के लिए लाल पेन का इस्तेमाल करेंगे, ताकि छात्र शिक्षकों द्वारा किए गए सुधार, टिप्पणियों और सुझावों को आसानी से पहचान सकें। इससे न केवल छात्रों की गलतियों की पहचान होगी बल्कि वे दिए गए सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया में सुधार आएगा। अपने कार्यों में सुधार के प्रति जागरूक होंगे छात्र पदाधिकारियों ने बताया कि इस निर्णय के पीछे शिक्षा विभाग की मंशा यह है कि छात्रगण अपने कार्यों में सुधार के प्रति जागरूक हों और उन्हें समझ में आए कि किस प्रकार की त्रुटियों पर ध्यान देना आवश्यक है। यह कदम शिक्षा गुणवत्ता के मानकों को बढ़ाने के लिए उठाया गया है, जिसमें छात्रों की लेखन क्षमता और गृह कार्य पर विशेष ध्यान दिया गया है।जानकारों ने बताया कि शिक्षा विभाग के इस आदेश से यह उम्मीद की जा रही है कि राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आएगा।

### गृह कार्य देने में लापरवाही पर प्राचार्य हो चुके है सस्पेंड

गृह कार्य देने में लापरवाही पर एक एचएम सस्पेंड हो चुके हैं जबकि कई कार्रवाई की रडार पर हैं क्योंकि निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी भी गृह कार्य देने और जांच करने की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। मालूम हो कि सरकारी स्कूलों में गृह कार्य बच्चों को देने की परंपरा समाप्त हो गयी थी। सरकार के निर्देश पर अफ़सर भी निरीक्षण के दौरान शिक्षकों द्वारा गृह कार्य देने व उसकी जांच पर विशेष निगरानी रख रहे हैं।

### मुख्य निर्देश

कक्षा 1 से 8 के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को लाल पेन का उपयोग कर गृह कार्य और कक्षा कार्य का मूल्यांकन करना अनिवार्य होगा।

विद्यालय प्रधान व अन्य संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी शिक्षक नियमित रूप से गृह कार्य का मूल्यांकन कर रहे हैं।

जिन छात्रों को गृह कार्य और कक्षा कार्य नहीं मिल रहा है, उन छात्रों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया गया है।



# छह लाख और पीएम आवास चाहिए बिहार सरकार ने केंद्र से की मांग

**पटना,एजेंसी।** बिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत और छह लाख आवास का लक्ष्य वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए केन्द्र सरकार से मांगा है, ताकि अधिक से अधिक गरीबों के लिए पक्के मकान का निर्माण कराया जा सके। मालूम हो वर्तमान वर्ष के लिए केंद्र सरकार ने दो लाख 43 हजार आवास का लक्ष्य दिया है। इनके घरों के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। पहले कराए गए सर्वे के बाद बनी प्रतीक्षा सूची में 13.55 लाख लाभुकों के नाम बचे थे, जिन्हें आवास मुहैया कराया जाना है। इनमें से 2.43 लाख को वर्तमान वर्ष में आवास देने का लक्ष्य केन्द्र सरकार ने दिया है। लक्ष्य के अनुरूप ही ग्रामीण विकास विभाग उतने लाभुकों के आवास निर्माण की स्वीकृति देता है। इस तरह 2.43 लाख को स्वीकृति देने के बाद अब भी 11.12 लाख लाभुकों को आवास देना शेष रह जाएगा। इसको देखते हुए विभाग ने केन्द्र सरकार से छह लाख अतिरिक्त आवास बनाने का लक्ष्य देने का आग्रह किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान वर्ष में 2.43 लाख का मिले लक्ष्य के विरुद्ध दो लाख से अधिक लाभुकों के आवास निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें एक लाख लाभुकों के खाते में पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपये हस्तांतरित भी कर दिये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत बिहार में 36 लाख 53 हजार पक्के मकान गरीबों के लिए बनाए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत इस साल नया सर्वे भी होना है। इस सर्वे में नए लाभुकों की सूची बनायी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



### दानापुर में मोबाइल दुकानदार की हत्या:तीन संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया

#### 6 लाख के विवाद में अपराधियों ने मारी 3 गोली

**पटना,एजेंसी।** दानापुर में शुक्रवार देर रात बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने 3 गोली मारी है, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। 6 लाख रुपए के लेनदेन में वारदात को अंजाम दिया गया है। पूछताछ के लिए पुलिस ने 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान विक्रम थाना क्षेत्र निवासी कमल किशार उर्फ कारू सिंह के पुत्र करण कुमार(24) के तौर पर हुई है। करण गोला रोड में मोबाइल का दुकान चलाता था। दुकान बंद करने के बाद अपने स्टाफ को छोड़ने के लिए सगुना मोड़ जा रहा था। इस बीच अपराधियों ने गोली मार दी। जानकारी के मुताबिक मृतक रुपए लेनदेन का काम करता था। उसने परिचित शर्मा को 6 लाख रुपए उधार दिए थे। कई बार मांगने के बाद भी नहीं देर रहा था। परिचित शर्मा लगातार रुपए देने में टालमटोल कर रहा था। कुछ दिन पहले इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस भी हुई थी। परिजनों को आशंका है इसी विवाद में उसने रूपेश कुमार के साथ मिलकर हत्या की प्लानिंग की है। गोली लगते ही करण बाइक सहित जमीन पर गिर पड़े। स्टाफ आदित्य ने परिजनों और डायल-112 को घटना की सूचना थी। जानकारी मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### 2 अपराधियों ने भइया को गोली मारी

मृतक के भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि भइया रोज की तरह रात में करीब 10 बजे दुकान बंद करके अपने स्टाफ के साथ लौट रहे थे। हमेशा स्टाफ आदित्य को उसके घर छोड़कर डीपीएस मोड़ स्थित अपने फ्लैट पर आते थे। रात में स्टाफ ने कॉल करके बताया की बाइक सवार 2 अपराधियों ने अचानक भइया पर गोली चला दी। आनन-फानन में हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे।

**6 लाख के विवाद में हत्या :** पिता कमल किशोर उर्फ कारू सिंह ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है कि 6 लाख रुपए के विवाद में बेटे की हत्या की गई है। रूपेश कुमार और परिचित शर्मा पर हत्या की साजिश रचने की आशंका है। रूपेश कुमार बिक्रम थाना क्षेत्र के हरपुरा और परिचित शर्मा दनारा का रहने वाला है। जो वर्तमान में सगुना मोड़ न्यू मैनपुरा ललित खटाल के पास रहता है। इन्होंने ने ही मेरे पुत्र की हत्या करवाई है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है :** वहीं, सिटी एसपी पश्चिमी सरथ आर एस ने बताया की रात्रि 10 बजे के करीब आरपीएस मोड़ के पास अपराधियों ने करण नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मामले की जांच दानापुर एएसपी दीक्षा भावरे को सौंपी गई है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पटना कॉलेज से हथियार के बल पर छात्र का अपहरण, हॉस्टल ले जाकर जमकर पीटा, गंभीर हालत में पीएमसीएच में भर्ती

**पटना,एजेंसी।** पटना कॉलेज के ज्योग्राफी डिपार्टमेंट के पास से सैदपुर हॉस्टल के छात्रों ने हथियार के बल पर छात्र अमन कुमार लाल को अगवा कर लिया। बाइक पर बिठाकर सैदपुर हॉस्टल ले गए और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मामले की सूचना मिलते ही पीरबहोर, बहादुरपुर पुलिस और डायल 112 की टीम ने सैदपुर में छापेमारी की। हॉस्टल के एक कमरे से अमन को बरामद कर पीएमसीएच में भर्ती कराया। हॉस्टल के एक-एक कमरे की तलाशी ली। इस दौरान चार संदिग्ध छात्रों को हिरासत में लिया गया है। पीरबहोर थाने में पूछताछ चल रही है। अमन गर्दनीबाग का रहने वाला है। पटना कॉलेज से ज्योग्राफी में ऑनर्स किया है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत के नेतृत्व में टाउन डीएसपी-1 अशोक कुमार सिंह की टीम ने भी छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो अमन को अगवा करने के लिए चार बाइक से हथियार के साथ लड़के पटना कॉलेज पहुंचे थे। बेगूसराय और समस्तीपुर के छात्र उनका नेतृत्व कर रहे थे। अमन को अगवा कर पिटाई करने का मामला छात्र हर्ष राज हत्याकांड से जुड़ गया है। टाउन डीएसपी ने बताया कि हर्ष राज हत्याकांड में आरोपी चंदन कुमार का स्टेटस लगाने के कारण बदले की भावना से यह काम किया गया है। हर्ष राज के हत्या के मामले में पुलिस ने चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दिवाली की बख्शीश को लेकर किन्नरों के गुटों में झड़प:लाठी-डंडे के हमले में 6 किन्नर घायल

### गुट बदलने को लेकर भी दोनों ओर से विवाद

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समर्था कल्याणपुर बाजार में शुक्रवार शाम दीपावली की बख्शीश मांगने को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में लाठी डंडे और हॉकी स्टिक से एक-दूसरे पर वार किया गया। जिसमें 6 किन्नर जख्मी हो गए। इसके अलावा गुट बदलने को लेकर भी दोनों ओर से विवाद चल रहा था।

जख्मी किन्नर को दलसिंहसराय के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर रूप से जख्मी किन्नरों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष से सुमन किन्नर, खुशी किनर और गुड़िया किन्नर शामिल है, जबकि दूसरे पक्ष से बबली किन्नर, तिरु बैठा और सपना किन्नर शामिल है।



### दूसरे गुट में जाने को लेकर विवाद

घटना के संबंध में सुमन किन्नर ने बताया कि वह रजिया किन्नर के गुट में है। उसका इलाका दलसिंहसराय विभूतिपुर का है। वह अपने इलाके के समर्था कल्याणपुर बाजार में दीपावली को लेकर बख्शीश मांग रही थी। बाजार में बख्शीश मांगकर वे लोग वहां से निकलने ही वाले थे कि सपना किन्नर के गुट ने इन लोगों पर हमला बोल दिया। जिसमें मैं और मेरे अलावा दो और किन्नर जख्मी हो गईं। सुमन का कहना है कि पहले मैं सपना किन्नर के ही गुट में थी। सपना किन्नर नहीं लड़का है ये जानकारी जब मिली तो मैं उसके गुट से अलग होकर रजिया के गुट में चली गई। इसी बात को लेकर वह नाराज चल रहा था। उधर दूसरे गुटके घायल किन्नर का उपचार दलसिंहसराय के अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। उधर, सदर अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी नगर पुलिस को दी है।

### आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि किन्नरों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है सभी लोगों को दलसिंहसराय के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से सदर अस्पताल भेजा गया है। अभी किसी भी पक्ष का आवेदन नहीं आया है बयान आने पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# बगहा में राजस्वकर्मी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल कागजात निकालने के नाम पर मांगे थे रुपए

**बगहा (वाल्मिकीनगर),एजेंसी।** बगहा के ठकराहा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। जहां एक वीडियो में राजस्व कर्मी जगई राम खुलेआम रिश्वत लेते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड किया गया, जिसमें राजस्व कर्मी ने भूमि से जुड़े दस्तावेजों का काम कराने के लिए 500 रुपए की मांग की। वीडियो के सामने आने से अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है।



### पहले ठुकराया, फिर स्वीकार किए

वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति, जो अपने भूमि के दस्तावेज़ संबंधी काम के लिए कार्यालय पहुंचा था, उसने जगई राम से बातचीत शुरू की। बातचीत के दौरान कर्मचारी जगई राम ने ÷माल द, माल द÷ (पैसा दीजिए) कहकर 500 रुपए की मांग की। जब व्यक्ति ने पहले 100 रुपए देने की कोशिश की, तो कर्मचारी ने इसे अस्वीकार कर दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद वही 100 रुपये अटॉर्नी के माध्यम से स्वीकार कर लिए गए। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इसके बाद कर्मचारी ने और पैसे की मांग की, जिसके बाद व्यक्ति ने 100 रुपये और दिए। यह रकम लेने के बाद, कर्मचारी ने काम करने का आश्वासन दिया और दस्तावेज़ तैयार करवाए। इसके साथ ही, व्यक्ति ने कहा कि दही खिलाएंगे , जिस पर कर्मचारी हंसते हुए तैयार हो गए।

### दस्तावेज़ तैयार करने के बाद निर्देश

वीडियो के अंत में, जगई राम अपने अटॉर्नी से बात करते हैं, कुछ नंबर नोट करते हैं और व्यक्ति को दस्तावेज़ सौंपते हुए कहते हैं कि ÷ऑफिस में जाइए और कहिए हकीम भेजे हैं।÷ यह पूरी बातचीत और कार्रवाई राजस्व कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है, जहां बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

ठकराहा अंचल के सीओ सुमित राज ने इस मामले पर कहा कि वीडियो की सत्यता की जांच की जाएगी। अगर वीडियो में सच्चाई है तो कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा है कि जब से सर्वे का काम आया है तब से लोगों का भीड़ अंचल कार्यालय में बढ़ गया है। लोग तरह-तरह की कागज का डिमांड कर रहे हैं। जिसका उत्तर आंचल में नहीं है उसे भी दिखाने के लिए बोल रहे हैं। वीडियो आने के बाद अब लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। इस तरह के भ्रष्टाचार के चलते क्षेत्र में चल रहे भूमि सर्वे और दाखिल-खारिज प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि भ्रष्टाचार के इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से योजनाओं का कार्यान्वयन हो : डिप्टी सीएम

### जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री ने दिए कई अहम निर्देश



**पटना,एजेंसी।** पटना जिले के प्रभारी मंत्री सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना जिले अधिकारियों को जन समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सार्थक समन्वय जरूरी है। हम सभी का एक ही उद्देश्य है कि जन समस्याओं का जल्द-से-जल्द निदान हो। विकास की धारा सभी व्यक्ति तक पहुंचे। पटना जिले का शहर का हर मोहल्ला और हर गांव सुंदर बने। इसके लिए हम सभी को सजग रहना है। वे शुक्रवार को ज्ञान भवन सभागार में पटना जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। फुलवारी के विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि पटना जिले में गरीब राशनकार्डधारियों को 5 किलोग्राम अनाज नहीं मिल रहा है। सरकारी कर्मचारी द्वारा गोदाम से निकलने वाले प्रति क्विंटल अनाज पर 40 रुपए कमीशन लिया जा रहा है। हर महीने की 20 तारीख को अनाज के उठाव और 1 तारीख को वितरण करने का नियम है। लेकिन वितरण नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच के लिए कमेटी गठन करने की मांग की। वहीं, गैरमजरूआ आम जमीन पर बसे गरीबों को सर्वे के दौरान कागज बनाने की मांग की। उन्होंने कहा पटना जिला में नल का जल पूरी तरह से फेल है। इस कारण प्रत्येक विधायक को 200 चापाकल स्वीकृत करने की अनुमति दी जाए। इसी तरह अन्य विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र के छोटी-छोटी समस्याओं से अवगत कराया।

# पीपीयू : छात्रों के अंक व प्रमाण पत्रों की होगी जांच, गड़बड़ी पर एफआईआर

### 19 अक्टूबर तक सत्र 2024-25 में नामांकित छात्रों की जांच कर रिपोर्ट मांगी

**पटना,एजेंसी।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में स्नातक स्नातकोत्तर में नामांकित सभी विषयों (जनरल व वोकेशनल) के सभी छात्रों के नामांकन के दौरान दिए गए अंक व प्रमाण पत्रों की जांच का आदेश दिया। फर्जी नामांकन का मामला प्रकाश में आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन आदेश पत्र जारी करते हुए सभी कॉलेजों व विभागों को सभी नामांकन की वैधता जांच करने का निर्देश दिया है। विवि ने कहा है कि अगर इस दौरान अधिक अंक दर्शाते हुए किसी ने नामांकन ले लिया है तो तत्काल उस पर एफआईआर दर्ज करते हुए नामांकन रद्द करने की अनुशंसा विवि को भेजी जाए।

वहीं अगर कोई शिक्षक या कर्मचारी इस लापरवाही में सम्मिलित है उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए विवि को सूचित करें। अगर जांच में कोई गड़बड़ी नहीं भी पाई जाती है तब भी कॉलेज को उसकी भी रिपोर्ट विवि को भेजना होगा। बीडी कॉलेज से मंगाई गयी है नामांकित छात्रों की सूची : बीडी कॉलेज में 70 छात्र-छात्राओं का डॉक्यूमेंट्स जमा होने के बाद भी उनके नामांकन की वैधता को स्वीकृत नहीं करने की वजह से उनका नामांकन सफल नहीं होने का आरोप छात्रों ने लगाया था। कॉलेज का कहना है कि इन छात्रों ने डॉक्यूमेंट्स ही जमा नहीं किये। स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन ने बताया कि विवि ने इस संबंध में भी बीडी कॉलेज से नामांकित छात्रों की सूची देने को कहा है । इस संबंध में पीपीयू के स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन, प्रो एके नाग ने बताया कि सभी यूजी-पीजी जनरल व वोकेशनल कोर्स में नामांकन के दौरान दिये गये अंक पत्र व प्रमाण पत्रों की जांच और गड़बड़ी पर एफआईआर के निर्देश दिये गये हैं। विवि की नामांकन प्रणाली बिल्कुल ही पारदर्शी है और अगर उसमें किसी व्यक्ति ने अगर किसी भी तरह से छेड़छाड़ की है, जैसा कि जानकारी मिल रही तो विवि उसके प्रति गंभीर है। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो एके नाग ने सभी प्राचार्यों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई को कहा है। प्रो नाग के अनुसार विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में भी छात्रों के नामांकन के समय उनके आवेदन में अंकित अंक व मूल अंक से मिलान के बाद ही वैलिडेशन(नामांकन की वैधता को स्वीकृति) का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद भी फॉर्म में अधिक अंक दर्शा कर नामांकन के मामले सामने आए हैं। 19 अक्टूबर तक सत्र 2024-25 में नामांकित सभी स्ट्रीम के छात्रों का उनके मूल अंक प्रमाण पत्र से अंकों की जांच करर िपोर्ट मांगी गई है। यदि इसमें अंतर पाया जाता है तो तत्काल संबंधित विद्यार्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए नामांकन रद्द करने की अनुशंसा विश्वविद्यालय को करनी है। इस मामले में शिक्षक एवं कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए विश्वविद्यालय को सूचित करना है। साथ ही प्राचार्यों को कॉलेज में नामांकित छात्र-छात्राओं के अंकों में कोई गड़बड़ी नहीं मिलता है तब भी इस आशय का पत्र विश्वविद्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।




### मंत्री हरि सहनी ने लोगों का सुना दुख-दर्द

**दरभंगा,एजेंसी।** राज्य सरकार के मंत्री हरि सहनी ने शुक्रवार को प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। मंत्री श्री सहनी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का नाव से भ्रमण किया तथा पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द सुना। मंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के प्रति एनडीए सरकार काफी संवेदनशील है। पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचायी जा रही है। मंत्री के साथ भाजपा नेता मणि कांत झा, प्रदीप प्रधान, राजकुमार सहनी, शत्रुघ्न सहनी, विष्णु सहनी, डॉ. रामचन्द्र मुखिया, ब्रजनंदन मुखिया आदि नेता भी चल रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथीदह जंक्शन के पास अज्ञात युवक का शव मिला, मृतक के पॉकेट से रेल टिकट बरामद

**पटना**। बाढ़ अनुमंडल के हाथीदह जंक्शन के पास रेलवे पटरी पर अज्ञात युवक का शव मिला है। मृतक के पॉकेट से हाथीदह से जमुई तक का रेल टिकट मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-112 और रेल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। रेल थाना के स्टाफ सिंटु कुमार ने बताया ने स्थानीय लोगों ने पटरी पर शव देखा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। सुबह के समय हादसे की आशंका है। मृतक के पास से एक रेल टिकट बरामद हुआ है। अन्य कोई सामान नहीं मिला है। शिनाख्त की कोशिश जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### चिरैयाटांड़ पुल, बारी पथ में कमर्शियल गाड़ियों का रूट डायवर्ट, नाला रोड में भी 3 घंटे तक नो एंट्री

**पटना**। पटना शहर में आज से ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। ट्रैफिक रूट में समीक्षा के बाद बड़ा बदलाव किया गया है। चिरैयाटांड़ पुल, नाला रोड, बारी पथ में यातायात के दबाव को कम करने के लिए कमर्शियल वाहनों के रूट में बदलाव किया गया है। बुद्धमार्ग से आने वाले मालवाहक वाहन और यात्री बस जीपीओ गोलंबर के ऊपर से चिरैयाटांड़ पुल होकर पुराना बाइपास की ओर जाते थे। वे अब जीपीओ गोलंबर ऊपर से करबिगहिया होते हुए पुराना बाइपास की तरफ जाएंगे। आर ब्लॉक गोलंबर के ऊपर से जीपीओ गोलंबर होते चिरैयाटांड़ की ओर जाने वाले मालवाहक वाहन, यात्री बस भिखारी ठाकुर आरओबी से मीठापुर फ्लाईओवर, करबिगहिया होते पुराना बाइपास या मीठापुर की तरफ जाएंगे। गांधी मैदान के रामगुलाम चौक से चिरैयाटांड़ पुल, सीडीए बिल्डिंग होते चिरैयाटांड़ पुल और पटना जंक्शन से गोरियाटोली होते चिरैयाटांड़ पुल जाने वाले सभी मालवाहक वाहन 2 घंटे प्रतिबंधित रहेंगे। शाम 5 से 7त बजे तक इस रूट पर मालवाहक वाहन, ठेला, ऑटो रिक्शा, यात्री बस की एंट्री नहीं होगी। नाला रोड में शाम 5 से 8 बजे तक मालवाहक वाहनों की इंट्री पर रोक रहेगी। बारी पथ में मछुआटोली से हथुआ मार्केट की ओर दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 से 8 बजे तक मालवाहक वाहन नहीं चलेंगे।



### डमी पिस्टल के साथ लूटपाट करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने सभी को भेजा जेल

**हाजीपुर**। वैशाली के जुडावनपुर थाना क्षेत्र के डायल 112 को सूचना मिली कि शिवनगर में अपराधियों ने पिकअप को लूट लिया है। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस और जुडावनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर पिकअप लूट रहे चारों अपराधी बाइक छोड़ कर भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से सभी को पुलिस ने पकड़ लिया और पिकअप को बरामद कर लिया। पकड़े गए अपराधी जुडावनपुर के रहने वाले बताए जा रहे है। इसमें एक युवक समेत चार नाबालिग पकड़े गए है। अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक डमी पिस्टल, एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। डमी पिस्टल से ही सभी लूटपाट कर रहे थे। एसपी हरकिशोर राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जुडावनपुर थाना क्षेत्र के शिवनगर में चावल और चोकर लदे पिकअप को लूटने की सूचना मिली थी। डायल 112 की पुलिस ने घटना की जानकारी जुडावनपुर थाना अध्यक्ष को दिया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर पिकअप लूट रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी कट्टा, एक डमी पिस्टल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।



### खान सर की कोचिंग की छात्रा ने की खुदकुशी, BPSC की तैयारी कर रही थी

**सहरसा**। पटना में खान सर की कोचिंग में पढ़ने वाली एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा ढाई साल से BPSC की तैयारी कर रही थी। वो कदमकुआं थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज गली में किराए के घर में रहती थी। इसी घर में फंदे से लटका उसका शव मिला है। 23 साल की नूतन सहरसा के सौर बाजार की रहने वाली है। घटना शुक्रवार रात की है। नूतन के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि वो जीवन से तंग आ गई है। पुलिस के अनुसार, नूतन अपनी एक सहेली के साथ इस कमरे में रहती थी। छात्रा के परिवार वाले पटना पहुंचे हुए हैं। शव को सहरसा ले जाने की तैयारी है। उसने पंखे में फंदा लगाकर अपनी जान दी है। साथ में एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें लिखा है कि वो जीवन से तंग आ गई है। घटना कदमकुआं थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज गली की है। पटना में किराये के कमरे में रह रही थी। बीपीएससी की तैयारी कर रही थी और खान सर के क्लास में पढ़ती थी। शुक्रवार को रूम पार्टनर ने पूछा क्लास चलोगी, तो उसने कहा कि आज मेरा जाने का मन नहीं है, तुम जाओ। सहेली क्लास के लिए गई हुई, तभी नूतन ने कमरे में पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। जब सहेली क्लास से लौटी तो उसने नूतन को इस हालत में देखा और शोर मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से छात्रा का मोबाइल फोन और एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में नूतन ने लिखा है, "मैं जीवन से तंग आ गई हूं...अलविदा। पुलिस के मुताबिक, नूतन बीपीएससी की तैयारी में काफी तनाव में थी। उसने अपने सुसाइड नोट में किसी भी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुर्गा पूजा के बाद फेज 2 का काम शुरू होगा

# पटना डीएम ने बड़ी पटन देवी मंदिर का जायजा लिया

एजेंसी, पटना।

पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह शनिवार को बड़ी पटन देवी मंदिर और शीतला माता मंदिर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी पटन देवी मंदिर निर्माण के लिए 8 करोड़ फंड दिया था। उस फंड से माता के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। श्रद्धालु मां का दर्शन गर्भ गृह में जाकर करेंगे। इसके अलावा नवरात्र पूजा को लेकर मंदिर में श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पटन देवी मंदिर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया है। कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन की ओर से बताया गया कि मां बड़ी पटनदेवी मंदिर के मुख्य भवन का कार्य 90% पूरा हो गया है। बचे हुए काम को तीन महीने में पूरा किया जाएगा। मंदिर के बगल में स्थित सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए जेनरेटर का भी अधिष्ठापन किया जा चुका है।



**शीतला माता मंदिर भी पहुंचे**

**दुर्गा पूजा के बाद फेज 2 का काम शुरू होगा**: डीएम ने निर्देश दिया है कि मां बड़ी पटनदेवी मंदिर में दुर्गा पूजा के तत्काल बाद फेज-2 का काम शुरू किया जाएगा। इसमें मुख्य भवन के ठीक सामने यात्री मंडप, भव्य गेट, तीन मंजिला सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राचीन विरासत स्थल शीतला माता मंदिर के विकास के लिए सरकार ने छः योजनाओं की स्वीकृति दी थी। इसे पूरा किया गया है। इन योजनाओं में मंदिर की चारदीवारी, सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार, नाला निर्माण, परिसर में कोटा स्टोन लगाने का कार्य पूरा हो गया है। स्टेनलेस स्टील के भव्य गेट लगाने का काम चल रहा है, जो तीन दिन में पूरा हो जाएगा।

## दुर्गापूजा: जिलों में 10 हजार पुलिसकर्मी के साथ 12 दंगा निरोधी दस्ता तैनात रहेंगे

एजेंसी, पटना।




दुर्गापूजा को देखते हुए पुलिस विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष सतर्कता बरती है। जिलों में 5 से 16 अक्टूबर तक लगभग 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें 31 डीएसपी, 450 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, 12 दंगा निरोधी दस्ता और 10 हजार से अधिक पीटीसी प्रशिक्षु, सिपाही व होमगार्ड की तैनाती हुई है। पटना में 6 डीएसपी, 80 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, 1 दंगा निरोधी दस्ता और 2200 से अधिक पीटीसी प्रशिक्षु, सिपाही व होमगार्ड तैनात किए गए हैं। विभिन्न जिलों में विवाद करने वाले 1.35 लाख लोगों को पुलिस ने चिह्नित किया है। इनमें 92 हजार लोगों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तरह कार्रवाई की है। 26000 लोगों से बॉन्ड भरवाया गया है।

**संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे पैट्रोलिंग की जाएगी**: पुलिस ने प्रत्येक जिले में संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया है। वहां 24 घंटे पैट्रोलिंग की जाएगी। साथ ही सादे कपड़े में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ वाले स्थानों की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग होगी। भारत-नेपाल सीमा के साथ ही बिहार-यूपी, बिहार-झारखंड की सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। वहां पर वाहनों के साथ ही व्यक्तियों की भी चेकिंग की जाएगी। प्रदेश के सभी हिस्से में निगरानी के लिए पटना में स्टेट पुलिस कमांड सेंटर बनाया गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया की भी मॉनिटरिंग विशेषज्ञ करेंगे। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा अपराध की सूचना और शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14432 जारी किया गया है। जबकि रेल पुलिस ने रेल मदद नामक एप जारी किया है। पुलिस विभाग के मुताबिक बिहार के 38 जिलों में 16000 से अधिक प्रतिमाएं स्थापित होंगी। पिछले वर्ष 15559 प्रतिमाएं स्थापित की गई थी।

## पटना कॉलेज से हथियार के बल पर छात्र का अपहरण

एजेंसी, पटना।

पटना कॉलेज के ज्योग्राफी डिपार्टमेंट के पास से सैदपुर हॉस्टल के छात्रों ने हथियार के बल पर छात्र अमन कुमार लाल को अगवा कर लिया। बाइक पर बिठाकर सैदपुर हॉस्टल ले गए और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मामले की सूचना मिलते ही पीरबहोर, बहादुरपुर पुलिस और डायल 112 की टीम ने सैदपुर में छापेमारी की। हॉस्टल के एक कमरे से अमन को बरामद कर पीएमसीएच में भर्ती कराया। हॉस्टल के एक-एक कमरे की तलाशी ली। इस दौरान चार संदिग्ध छात्रों को हिरासत में लिया गया है। पीरबहोर थाने में पूछताछ चल रही है। अमन गर्दनीबाग का रहने वाला है। पटना कॉलेज से ज्योग्राफी में ऑनर्स किया है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत के नेतृत्व में टाउन डीएसपी-1 अशोक कुमार सिंह की टीम ने भी छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो अमन को



**स्टेटस लगाने पर सैदपुर हॉस्टल ले जाकर जमकर पीटा, गंभीर हालत में PMCH में भर्ती**

अगवा करने के लिए चार बाइक से हथियार के साथ लड़के पटना कॉलेज पहुंचे थे।

बेगूसराय और समस्तीपुर के छात्र उनका नेतृत्व कर रहे थे। अमन को अगवा कर पिटाई करने का मामला छात्र हर्ष राज हत्याकांड से जुड़ गया है। टाउन डीएसपी ने बताया कि हर्ष राज हत्याकांड में आरोपी चंदन कुमार का स्टेटस लगाने के कारण बदले की भावना से यह काम किया गया है।

## दानापुर में मोबाइल दुकानदार की हत्या

एजेंसी, पटना।

दानापुर में शुक्रवार देर रात बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने 3 गोली मारी है, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। 6 लाख रुपए के लेनदेन में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने एक आरोपी परिचित शर्मा को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान विक्रम थाना क्षेत्र निवासी कमल किशार उर्फ कारू सिंह के पुत्र करण कुमार(24) के तौर पर हुई है। करण गोला रोड में मोबाइल का दुकान चलाता था। दुकान बंद करने के बाद अपने स्टाफ को छोड़ने के लिए सगुना मोड़ जा रहा था। इस बीच अपराधियों ने गोली मार दी। जानकारी के मुताबिक मृतक रुपए लेनदेन का काम करता था। उसने परिचित शर्मा को 6 लाख रुपए उधार दिए थे। कई बार मांगने के बाद भी नहीं देर रहा था। परिचित शर्मा लगातार रुपए देने में टालमटोल कर रहा था। कुछ दिन पहले इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस भी हुई थी। परिजनों को आशंका है इसी विवाद में उसने रूपेश कुमार के साथ मिलकर हत्या की प्लानिंग की है।



**स्टाफ ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी**: गोली लगते ही करण बाइक सहित जमीन पर गिर पड़े। स्टाफ आदित्य ने परिजनों और डायल-112 को घटना की सूचना थी। जानकारी मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**2 अपराधियों ने भइया को गोली मारी**: मृतक के भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि भइया रोज की तरह रात में करीब 10 बजे दुकान बंद करके अपने स्टाफ के साथ लौट रहे थे। हमेशा स्टाफ आदित्य को उसके घर छोड़कर डीपीएस मोड़ स्थित अपने फ्लैट पर आते थे। रात में स्टाफ ने कॉल करके बताया की बाइक सवार 2 अपराधियों ने अचानक भइया पर गोली चला दी। आनन-फानन में हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे।

**6 लाख के विवाद में हत्या**: पिता कमल किशोर उर्फ कारू सिंह ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है कि 6 लाख रुपए के विवाद में बेटे की हत्या की गई है। रूपेश कुमार और परिचित शर्मा पर हत्या की साजिश रचने की आशंका है। रूपेश कुमार बिक्रम थाना क्षेत्र के हरपुरा और परिचित शर्मा दनारा का रहने वाला है। जो वर्तमान में सगुना मोड़ न्यू मैनपुरा ललित खटाल के पास रहता है। इन्होंने ने ही मेरे पुत्र की हत्या करवाई है।

**♦ 6 लाख के विवाद में अपराधियों ने मारी 3 गोली, 1 आरोपी गिरफ्तार**

**सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है**: वहीं, सिटी एसपी पश्चिमी सरथ आर एस ने बताया की रात्रि 10 बजे के करीब आरपीएस मोड़ के पास अपराधियों ने करण नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मामले की जांच दानापुर एएसपी दीक्षा भावरे को सौंपी गई है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पोस्टर लगाकर नीतीश को भारत रत्न देने की मांग, JDU ने राजनीति का चाणक्य भी बताया

एजेंसी, पटना।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग उठी है। पटना में राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग से पहले सीएम आवास के बाहर, जेडीयू दफ्तर और अलग-अलग जगहों पर यह पोस्टर लगाया गया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने ये पोस्टर लगाया है। सीएम नीतीश को प्रख्यात समाजवादी बताया है। पोस्टर पर लिखा है, 'प्रख्यात समाजवादी बिहार के विकास पुरूष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को भारत रत्न दिया जाए।' पटना में लगे इस पोस्टर के बाद राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। राजद ने तंज कसते हुए कहा है कि बिहार में जो पुल-पुलिया गिरे हैं उसके लिए उन्हें सम्मान मिलने चाहिए। दरअसल, जदयू ने पार्टी कार्यालय में 5 अक्टूबर, 2024 दिन शनिवार को राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। उससे पहले पटना के अलग-अलग चौक चौराहे परएक पोस्टर लगाया गया है। एक पोस्टर में सीएम नीतीश कुमार को चाणक्य भी बताया गया है। जेडीयू नेता छोटू सिंह ने कहा कि देश में नेता नरेंद्र मोदी जी और बिहार में एक मात्र नेता नीतीश कुमार जी हैं। जिनके ऊपर एक भी दाग नहीं लगा है। जिस तरह से बिहार की बहाल स्थिती से निकाला है। सड़क नहीं था, बिजली नहीं थी। लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ी हुई थी। बच्चों के पढ़ने के लिए विद्यालय नहीं था। आज जिस तरह से मुख्यमंत्री जी ने बिहार की तकदीर और तस्वीर बदली है। मैं तो एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं। मैं न एमपी हूं और न एमएलए। लेकिन पटना से दिल्ली तक मैं देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से मैं मांग करता हूं कि सीएम नीतीश कुमार को भारत रत्न दिया जाए। इसके लिए मुझे जितना भी संघर्ष करना पड़ेगा पूरे टीम के साथ करेंगे।




**सीएम पर ही सवाल उठा रहे हैं**: जेडीयू के पोस्टर पर विपक्ष हमलावर हो गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा कि 'किसी भी बिहारी को भारत रत्न या किसी भी तरह का पुरस्कार मिलता है तो हर बिहार के लिए गौरव की बात होती है। बिहार में भी डबल इंजन की सरकार है। ऐसे में केंद्र से मांगने की जरूरत क्या है। देना है तो दे दे दीजिए, इसमें राजनीति मत करिए। इसमें राजनीति तो बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। ये लोग मांग करके माननीय मुख्यमंत्री पर ही सवाल उठा रहे हैं।'

**RJD बोली- क्राइम बढ़ा, पुल गिरे इसलिए मिले सम्मान**

**नीतीश का इकबाल खत्म**: राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि 'मुद्दों से ध्यान भटकाने और भ्रम की स्थिति पैदा करने के लिए जदयू के भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं। पुल-पुलिया गिरने या फिर बिहार में क्राइम का ग्राफ बढ़ने को लेकर सम्मान देना चाहिए। बिहार में स्मार्ट मीटर की वजह से लूट मची है। जनता के लिए सरकार के स्तर से कोई काम नहीं किया जा रहा है। नौकरी रोजगार के सारे संसाधन बंद कर दिए गए हैं। क्या इन सबके लिए नीतीश को भारत रत्न देने की मांग जदयू की तरफ से की जा रही है। इसे पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए।'

## नीलेश मुखिया की पत्नी बोली- न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं

एजेंसी, पटना।

**मुख्य आरोपी जांच को कर रहे प्रभावित, पिछले साल 31 जुलाई को हुई थी हत्या**

पटना के पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र के कुर्जी के पास 31 जुलाई 2023 को नीलेश मुखिया की ऑफिस जाने के दौरान हत्या हुई थी। इस मामले पर उनकी पत्नी और वार्ड 22 बी की वार्ड पार्षद सुचित्रा सिंह ने पुलिस पर केस में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 'दिनदहाड़े एक लोकप्रिय नेता की हत्या सरेराह कर दी गई। धोखे में रख कर मेरे पति की हत्या की गई। आरोपी कई दिन से मेरे पति को मारने का प्लान बना रहे थे। हत्या के बाद भी प्रशासन इस मामले में ध्यान नहीं दे रही है। मुख्य आरोपी बाहर रह कर इस मामले की जांच को प्रभावित कर रहे हैं। अभी तक मुख्य आरोपी बाहर है। ये प्रशासन की बहुत बड़ी गलती है। ऐसा लग रहा है कि हमे पुलिस प्रशासन या कोर्ट कहीं भी इंसाफ नहीं मिल रहा है। एक लोकप्रिय नेता को इंसाफ नहीं मिल रहा है तो आम आदमी तो न्याय की उम्मीद ही नहीं कर सकता है।'

**भगवान पर है भरोसा**: सुचित्रा सिंह ने यह भी कहा कि 'इस हत्या में कौन-कौन शामिल हैं, यह सभी को पता है। आरोपी मोटा पैसा देकर कर इस मामले में अभी तक बच रहें हैं। हम लोगों को सही जानकारी भी नहीं मिल रही है। जो भी आरोपी हैं, उनको बेल मिल रहा है। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया गया है। पुलिस ने सिर्फ शूटरों और लाइनरों को पकड़ा है। लेकिन, साजिशकर्ता अभी भी बाहर हैं। पुलिस प्रशासन या कोर्ट से धीरे-धीरे मेरा भरोसा उठता जा रहा है। लेकिन, भगवान पर अभी भी मुझे भरोसा है।'

**दिल्ली एम्स में हुई थी मौत**: नीलेश मुखिया को अपराधियों ने उनकी कार को घेर कर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इससे नीलेश मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेहतर इलाज के लिए उनको दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मुख्य आरोपियों के साथ करीब 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने 2 महीने में 12 लोगों को गिरफ्तार किया था। कुछ को पुलिस ने पकड़ा। जबकि, कुछ ने खुद सरेंडर किया। कुछ आरोपी अभी तक फरार हैं। मुख्य नामजद आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं सकी है। इस बीच कोर्ट में मामला चलता रहा। कोर्ट ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कई आरोपियों को बेल दिया गया है। पुलिस को जांच में खुलासा हुआ कि नीलेश जमीन का काम करते थे। जमीन विवाद में ही 25 लाख की सुपारी दे कर हत्या की साजिश रची गई थी। पप्पू, धप्पू, गोरख ने अजय को इस काम के लिए चुना था। अजय ने शूटर इमरान लल्लू को 5.50 लाख देकर इस घटना को अंजाम दिलाया था। अजय राय और निलेश साथ में ही जमीन का कारोबार करते थे। अटल पथ पर 7 कट्ठा जमीन को लेकर दोनों के बीच अनबन हुई थी। यह अनबन बढ़ती चली गई। इसके बाद नीलेश की हत्या कर दी गई।



**पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने क्या कहा था**: पुलिस की विशेष टीम ने इस मामले में दीघा बालू पर के अजय राय उर्फ विशाल कुमार, उसके चाचा उदय कुमार और दीघा के गली नंबर 90 के संतोष कुमार को गिरफ्तार किया था। इन लोगों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन, चार राउंड जिंदा कारतूस, एक क्रेटा कार (इसी कार से की गई रेकी) और 36 हजार नगद बरामद की है। जांच में यह बात आई थी कि अजय राय नीलेश मुखिया का दोस्त हुआ करता था। दोनों साथ में जमीन का धंधा करते थे। लेकिन कुछ महीनों से दोनों के बीच जमीन को लेकर अनबन हो गई थी। इसके बाद अजय राय, उदय और संतोष ने पप्पू, धप्पू और गोरख से नजदीकी बना ली। इसके बाद दोनों गुट ने मिलकर नीलेश की हत्या की साजिश रची थी। इसके लिए पप्पू राय ने अजय को शूटरों को देने के लिए 25 लाख रुपए दिए। अजय ने अपने दोस्तों की मदद से पटना सिटी के इमरान उर्फ लल्लु से संपर्क किया और उसे 5.50 लाख की सुपारी देकर नीलेश की हत्या करवा दी। बाकी रुपया अजय राय, उदय राय और संतोष ने आपस में बांट लिए। वार्ड 22 बी की वार्ड पार्षद और नीलेश मुखिया की पत्नी सुचित्रा सिंह ने बताया कि दिनदहाड़े एक लोकप्रिय नेता की हत्या सरेराह कर दी गई। धोखे में रख कर मेरे पति की हत्या की गई। आरोपी कई दिन से मेरे पति को मारने का प्लान बना रहे थे। हत्या के बाद भी प्रशासन इस मामले में ध्यान नहीं दे रही है। मुख्य आरोपी बाहर रह कर इस मामले की जांच को प्रभावित कर रहे हैं।

## मां शीतला की पूजा से पहले कुएं का दर्शन

एजेंसी, पटना।

पटना की मां शीतला मंदिर का इतिहास 2500 वर्ष पुराना है। यहां मां ने उस कुएं के पानी को भी अमृत के समान बना दिया, जिसे सम्राट अशोक ने लाशों को दफनाने के लिए बनवाया था। आज भी ऐसी मान्यता है कि कुएं का जल गंभीर बीमारियों से भी मुक्ति दिला देता है। महिलाओं की सूनी गोद भर जाती है। मां का दर्शन करने से पहले लोग कुएं का दर्शन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना से चिकन पॉक्स और चेचक का प्रभाव कम हो जाता है। नवरात्र में भक्तों की भीड़ बढ़ जाती है। यहां सप्तमी और महाअष्टमी के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर की प्रतिमा का रूप अद्भुत**: जानकार बताते हैं अगम कुआं का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि गुरु द्रोणाचार्य ने कौरवों और पांडवों को इसी स्थान पर प्रशिक्षण दिए थे। यह भी कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा जी ने शीतला माता को पूरे विश्व को आरोग्य रखने का कार्य सौंपा था। मान्यता है कि माता शीतला की उत्पत्ति भगवान ब्रह्मा से हुई थी। माता शीतला को शीतलता की देवी भी कहा जाता है, जिनके दर्शन मात्र से भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं। बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर की प्रतिमा का रूप अद्भुत और अद्वितीय है। लोगों की आस्था यहां अटूट है। वैसे तो शीतला माता मंदिर में सालों भर पूजा होती है, लेकिन साल में दो बार सप्तमी और महाअष्टमी यहां पूजा का खास महत्व है।



**कुएं के नाम पर मंदिर का नाम पड़ा है**: लोगों का मानना है कि मंदिर में चेचक, अंगार माता जैसे रोगों को ठीक करने की चमत्कारी शक्तियां हैं। मंदिर के सामने एक विशाल कुआं है। कुएं के नाम पर मंदिर का नाम है। कुएं का इतिहास सम्राट अशोक से जुड़ा है। शीतला माता के दर्शन के लिए मंदिर में आने वाले भक्त सबसे पहले कुएं का पूजा करते हैं। जानकार बताते हैं कि इस कुएं का निर्माण सम्राट अशोक ने 273 ईसा पूर्व कराई थी। सम्राट अशोक ने इस कुएं का निर्माण कैदियों की हत्या कर लाश को फेंकने के लिए बनाया था। कई इतिहासकार इस कुएं को टॉर्चर हाउस, यातना गृह और नरक का नाम भी देते हैं। जानकारी यह भी बताते हैं कि सम्राट अशोक में पूरे भारतवर्ष पर राज करने की ख्वाहिश थी। इसे लेकर उन्होंने अपने 99 भाइयों की हत्या करने के बाद शव को इसी कुएं में फेंकवा दिया था।

**♦ सम्राट अशोक ने लाशों को दफनाने के लिए बनवाया था कुआं, मां के आशीर्वाद से अमृत हो गया जल**

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ माले ने खोला मोर्चा

**चा ० भूमि,नरकटियागंज।** बिजली का स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर शनिवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शहर में मार्च निकाला। दिउलिया से निकलकर शहर का भ्रमण करता हुआ उनका मार्च अंचल कार्यालय पहुंचा। यहां मार्च धरना में तब्दील हो गया। इसमें शामिल भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की मांग की। कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिये सरकार गरीबों का आर्थिक दोहन कर रही है। इसे हटाना जरुरी है। उन्होंने सभी गरीबों को अभियान बसेरा के तहत पांच पांच डिसमिल जमीन देने, पक्का मकान बनवाने आदि की मांग भी की। मौके पर केदार राम, फरहान राजा, इब्राहिम मिया, सुरेश दुबे, दिनेश राम, नजरे आलम, लालमती देवी , उषा देवी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री नारायण सिंह महाविद्यालय में समस्या समाधान मंच का हुआ आयोजन

**चा ओ भूमि,मोतिहारी।** श्री नारायण सिंह महाविद्यालय मोतिहारी में एन. एस. यू. आई के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार की अध्यक्षता में समस्या समाधान मंच को लगाकर सैकड़ों छात्र/छात्राओं के समस्याओं का समाधान किया गया । छात्र/छात्राओं को रौल न. , सब्जेक्ट संबंधित समस्या आदि समस्याओं को समाधान किया गया ।समाधान मंच पर विशिष्ट निरीक्षक के रूप में श्री नारायण सिंह महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी प्रो. नितेश कुमार और परिक्षा नियंत्रक प्रो. मिनिकेष चौधरी जी उपलब्ध थे। मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि छात्रसंघ हमेसा छात्रों के साथ खड़ी है । छात्र/ छात्राओं को कोई भी समस्या हो तो वो छात्रसंघ से सीधा संवाद कर सकती है।छात्रसंघ हमेशा छात्रों की मदद और उसके हक के लड़ाई के लिए अपने तत्पर खड़ी है । मौके पर मो. इकराम,अमन सिन्हा,प्रियांशु राज, आयुष,मयंक राज,रामबाबू इत्यादि एनएसयूआई के सदस्य मौजूद थे।

### बाढ पीड़ितों को सहाय तथा अनुदान मुहैया उपलब्ध कराने की मांग

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी।** पंचायत सचिव सीमा देवी ने बढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुविधा मुहैया कराने को लेकर अंचला अधिकारी को लिखित आवेदन दिया है कि पूरा अंचल लगभग वाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है परन्तु मेरे निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहिनिया के ग्राम रोहिनिया, कुकुरजरी, बेलाडिह तथा फुलवार दक्षिणी पंचायत के ग्राम सेमरहिया, वृत गम्हरिया और चितठों के किसानो और मजदूरो की फसल डुब गया है। साथ ही अगहनी धान के गाभा में बाढ़ का पानी फैलने के कारण सभी किसानो का फसल बर्बादी के कगार पर है। मजदुर मजदूरी के अभाव में बिलख रहे है। पशु के लिए चारा लाने में असफल है जिससे पशुओं को भी अध्येहा रखना पडा है। अभी तक सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इन गांवों के ग्रामीणो को बिमार पड़ने पर मुख्यालय पहुच कर चिकित्सा कराने में भी काफी परेशानी हो रही है जिससे वे भगवान भरोसे जीने को मजबूर है।वही विना देरी किए इन पंचायतवासी की सहाय तथा अनुदान एवं चिकित्सा सुविधा सुरैया कराने की जिला प्रशासन से सहयोग की आशा लगाए बैठी है।

### तमसो मा ज्योतिर्गमय का भाव है झिंझिया

**चा ० भूमि ,मोतिहारी।** भारतीय सांस्कृतिक उत्सव एवं परंपराओं का वही महत्व है जो भारतीय संस्कृति का आधारभूत वेद,पुराण,धर्मशास्त्र,रामायण,महाभारत आदि का है। संपूर्ण हिन्दू परंपरायें इन्हीं ग्रंथों के आधार पर बनी है। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि ``ग्रामवचनं कुर्यात् अर्थात् गाँव की परंपराओं का अनुपालन करें। इसका कारण यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ दो तरह की शिक्षायें देती हैं। एक विचारात्मक और दूसरी व्यवहारात्मक। गाँव की माता-बहनें जो झिंझिया के रूप में परंपराओं का पालन करतीं हैं,उसका संबंध शास्त्र से प्रत्यक्ष दिखाई नहीं पड़ता लेकिन यह परंपरायें किसी न किसी रूप में किसी न किसी शास्त्र के साथ संबद्ध अवश्य है।उक्त बातें महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने कही।उन्होंने बताया कि जहाँ तक झिंझिया का संबंध है इस परंपरा की भी स्थिति लगभग ऐसी ही है। कालिक भेद के कारण उत्सवों का स्वरूप बदल जाया करता है। वैदिक मंत्रों में दीप एवं प्रकाश को अंधकार,माया एवं राक्षसी वृत्तियों को खत्म करने का साधन माना गया है जिसके प्रभाव से पौराणिक काल में नवदुर्गा के प्रसंग में नवरात्र के समय पूजा की परंपरा से संबंधित अनेक प्रकार की देश,काल,परिस्थिति के अनुसार परंपरा देखने में आती है।दुर्गा सप्तशती के अध्ययन के आधार पर प्राचीन काल में गाँव की स्त्रियाँ नव की संख्या में नवदुर्गा के रूप में वस्त्राभूषण पहन कर हाथ में दुर्गा के खप्पर अथवा ज्योति पात्र को लेकर गाँव की सीमा का चक्कर लगातीं थीं। वही झिलमिल झिलमिल शब्द कालान्तर में झिंझिया के रूप में प्रचलित हो गया। झिंझिया की परंपरा ``तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देती है।प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि चूंकि वैदिक संस्कृत एवं वैदिक साहित्य का प्रभाव सम्पूर्ण भारतवर्ष के क्षेत्रों के साथ बिहार पर भी पड़ा,अतः झिंझिया की परंपरा आज भी बिहार एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में देखने को मिलती है। इसका तात्पर्य यह है कि छिद्र युक्त घड़े में रखे हुए दीपक के ज्योति पुंज के माध्यम से महिलायें दुर्गा का रूप धारण कर राक्षसियों को मानो खोज-खोज कर गाँव की सीमा से बाहर कर देती हैं। इधर पुरुष वर्ग नवरात्र में शक्ति की उपासना से परिवार,समाज,गाँव एवं राष्ट्र के लिए अहित करने वाली शक्तियों को नष्ट करता है। यही है ``तमसो मा ज्योतिर्गमय का भाव,जो झिंझिया के रूप में आज भी समाज में प्रचलित है।

# जनकपुर में हुआ संवाद समुह कार्यक्रम

चाणक्य भूमि मधुबनी

» बाढ़ में मरने वालों को दी गयी श्रद्धांजलि

भारत/नेपाल खुली सीमा संवाद समुह के द्वारा बाढ़_विपदा तथा आर और पार विषय पर अंतरक्रिया कार्यक्रम को जनकपुर के शुभम होटल में प्रदेश सचिव श्याम सुंदर सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, आगे बता दे की इस कार्यक्रम को देर संध्या में समापन किया गया। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में बाढ़ में डूबे हुए मृत लोगों को मोमबत्ती जलाकर शोक प्रकट कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। आगे बता दें कि नेपाल से आई बाढ़ से भारत के सीमावर्ती इलाकों को जलमग्न कर कई जिलों को बाढ़ से तबाही और बर्बादी हुई, जिससे इस सीमा क्षेत्र के लोगों को बाढ़ की त्रासदी से झकझोर कर रख दिया है। आगे इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि

नेपाल हिमालय से निकलने वाली कोसी नदी व बराह क्षेत्र से कमला नदी तथा शीशा पानी से बागमती नदी में नूनथर हाई डैम निर्माण करने की जरूरत बताई है। आगे उन्होंने बताया कि वर्षो पूर्व से भारत/नेपाल सरकार के सहमति से हाई डैम बनाने का कार्य जापान के कंपनी (जायका) इंटरनेशनल कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को दिया जा चूका है, लेकिन आपसी दोनों देशों का विवाद होने के कारण निर्माणाधीन कार्य अभी तक रुका है। साथ ही साथ हिमालय और चूरा के जंगलों के साथ हो रहें छेड़छाड़ तथा पहाड़ को काटने और तोड़ने पर और नदियों कि नियमित साफ_सफाई नही होने से जल संग्रहण तेजी हो रहा है। जिसके कारण उक्त नदियां उफान और तूफान से भारत के सीमा क्षेत्र में तबाही मचा रही है। आगे भुषण सिंह ने बताया कि छोटी- छोटी नदियों कि सरफीली धाराओं पर मजबूती से नियंत्रण के लिए जरूरत के अनुसार तटबंधों को बाढ़ से पूर्व निर्माण करने की जरुरत बताई, साथ ही बाढ़ के साथ- साथ सुखाड़ का भी स्थाई निदान हो सके, इसके लिए भारत और नेपाल के सीमा क्षेत्र के आम लोगों को सड़क से सदन तक जन_आन्दोलन तेज करने कि बात कहीं गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेपाल कांग्रेस प्रदेश संसदीय दल के प्रदेश सभापति कृष्णा यादव, केन्द्रीय अध्यक्ष राजीव झा, महासचिव रामजी राय, भाकपा- माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह जयनगर, भारत के पत्रकार ललित झा, दीपक यादव, तराई मधेश लोकतांत्रिक पार्टी के महिला नेत्री विभा ठाकुर, बिंदु देवी व मुरली मनोहर मिश्र, हिमांशु चौधरी, संजय सिंह सहित दर्जनों पत्रकार सहित राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया।

# केवीके माधोपुर में फसलों का प्रत्यक्षण किया सांसद ने

चाणक्य भूमि,मझोलिया



» केंद्र सरकार की नीतियों से लोगों को कराया अवगत

**मझोलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान निधि की 18 वीं किस्त के तहत 9 करोड़ 51 लाख लाभार्थी किसानों को उनके खाते में दो- दो हजार रुपए ट्रांसफर किया है।जिसका सीधा प्रसारण सांसद डॉ संजय जायसवाल की उपस्थिति में हुई। कुल मिलाकर के 20 हजार करोड़ से भी अधिक की राशि डायरेक्ट ट्रांसफर की गयी। माधोपुर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर पीएम मोदी की योजना है।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी किसानो के सच्चे हितैषी है।इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने किसानों को बकरी और मुर्गी पालन पर जोर दिया और कहा कि किसानों के स्वालम्बन के लिए मवेशी पालन जरूरी है।मौके पर केवीके में फसलों का सांसद ने प्रत्यक्षन किया।मौके पर प्रगतिशील किसान सुशील कुमार जायसवाल, मनुबाबू कुशवाहा समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

चाणक्य भूमि



**पकड़ीदयाल।** दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ अविनाश कुमार और डीएसपी सुबोध कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक में अनुमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा शांति तरीके से करना है कहीं हुरदंग नहीं करना है डीजे पर प्रतिबंध है। वही उपस्थित सभी प्रतिनिधियों और पूजा अध्यक्षों को डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि पकड़ीदयाल अनुमंडल क्षेत्र में सभी जगह पर दुर्गा पूजा हो रहा हैं। सभी दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है। आग से बचाव के लिए बालू रखना अनिवार्य है पूजा समिति के सदस्यों को कार्ड यीशू करना है और सभी पूजा स्थलों पर प्रशासन तैनात रहेगी और सिविल ड्रेस में भी पुलिस सभी पूजा स्थलों का भ्रमण कर रही है। शराबी और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को नहीं बक्शा जायेगा। किसी भी प्रकार का समस्या होने पर प्रशासन को सूचित करें 24 घंटे पुलिस प्रशासन तैनात रहेगी। संस्कृति कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का अश्लील गाने का प्रयोग नहीं करें ऐसा करने पर पूजा समितियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित दीपक कुशवाहा अशोक सिंह राजीव प्रसाद आदि।

# बुराई पर अच्छाई का जीत का प्रतीक है दुर्गा पूजा:आचार्य दिलीप ओझा





चाणक्य भूमि, मझौलिया

» तेतर चौक जवकटिया में रामलीला मंच का उदघाटन

» माता के पूजन और आरती में शामिल होने का किया आहवान

**मझोलिया।** जवकटिया नईडीह तेतर चौक स्थित भवानी मंडप पर नवरात्र को लेकर आयोजित रामलीला मंच का उदघाटन समाजसेवी दिलीप कुमार ओझा उर्फ तांत्रिक बाबा ने फीता काट कर किया।उन्होंने इस अवसर पर सभी सनातन धर्मालंबियों को एक जुट होने का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर माता के नौ रूपों की पूजा करनी चाहिये।यह पूजा मां दुर्गा की महिषासुर नामक राक्षस पर विजय का प्रतीक है।बुराई पर अच्छाई का जीत का प्रतीक है।उन्होंने उपस्थित जनसमूह से सुबह शाम माता के पूजन तथा आरती में शामिल होने का संदेश दिया।तांत्रिक बाबा ने रामलीला संचालन के लिए पूजा समिति को आर्थिक सहयोग किया।सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर अरेराज से पधारे रामलीला मण्डली ने एक से बढ़कर एक आधात्मिक झलकियां प्रस्तुत किया।मंच का बखूबी संचालन संतोष कुमार ने किया।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से बिगत 15 वर्षो से यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है।यहां दसमी तक प्रतिदिन आध्यत्मिक उत्सव का आयोजन किया जाता है।यहां पूजनोत्सव को सम्पन्न कराने में समिति के अध्यक्ष भरत राम,सोनेलाल साह, राजेश्वर साह, टूनटून मिश्रा,चंदन कुमार, संतोष कुमार आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।रामलीला देखने के लिए ग्रामीण महिलाओं पुरुषो की भारी भीड़ जुटी।भवानी मण्डप के पास सैकड़ो दुकानों और झूला लगने से यहां मेला का नजारा है।

# इनर व्हील क्लब ने किया जागरूकता कार्यक्रम

चा ० भूमि ,मोतिहारी



इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने पंडित उगम पांडे महाविद्यालय में किया सीपीआर( कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता कार्यक्रम

इनर व्हील क्लब का मोतिहारी लेक टाउन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम किया। क्लब के अध्यक्ष पुतुल सिन्हा ने बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन उपचार है जो तुरंत किया जाता है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम आज बच्चों के बीच किया जा रहा है,जिसमें हमारे मुख्य अतिथि शहर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अतुल कुमार है। डॉक्टर अतुल कुमार ने बताया कि

सीपीआर करने के लिए, सबसे पहले व्यक्ति की छाती पर दबाव डालना होता है।इसके बाद, मुंह से सांस देनी होती है, जिसे माउथ टू माउथ रेस्पिरेशन कहते हैं।सीपीआर करने के लिए, व्यक्ति के सीने के बीचो-बीच अपनी हथेली रखनी होती है।पंपिंग करते समय, एक हथेली के ऊपर दूसरे हाथ को रखना होता है और उंगलियों को अच्छे से बांध लेना होता है।

हाथ और कोहनी दोनों सीधी रखनी होती हैं।छाती में पंपिंग करते हुए छाती को दबाना होता है। उन्होने डेमो करते हुए सीपीआर के बारे में ज़रूरी बातें बताई।

कार्डियक अरेस्ट के बाद तुरंत सीपीआर करने से बचने की संभावना दोगुनी या तिगुनी हो सकती है।सीपीआर करने से, व्यक्ति की रूकी हुई धड़कन फिर से शुरू हो जाती है।यदि आप इन तमाम बातों पर ध्यान दे तो आप अपने घर में, राह चलते मुसाफिरों की ,किसी भी अनजान व्यक्ति की, सीपीआर करके आप उनकी जान बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर करमात्मा पांडे ने इन बिंदुओं को बहुत ही ध्यान से सुना और बताया कि डॉक्टर अतुल मोतिहारी के लिए भगवान है।मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के प्रो सतीश वर्मा,प्रो वीणा रानी, प्रोफेसर मधु कुमारी, प्रो मीरा कुमारी प्रो पूनम कुमारी, प्रो नीलम कुमारी, प्रो आभा कुमारी,प्रो मनीषा प्रसाद, प्रो अमित कुमार, गरिमा कुमारी,सभी उपस्थित थे। उन्होंने डॉ अतुल को इतने बारीकी से सीपीआर के बारे में बतलाने के लिए आभार व्यक्त किया।मौके पर क्लब की पीपी रजनी कौशल पीपी एवं एडिटर धीरा गुप्ता, वरीय सदस्य उषा कमल,मनीषा प्रसाद,नीलम कुमारी,निशा प्रकाश ने इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।धन्यवाद ज्ञापन अलका सिन्हा ने किया।

# दुर्गापूजा को लेकर इनरवा में निकाला गया फ्लैग मार्च

चा ० भूमि ,मैनाटाड़



शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गापूजा मनाने को लेकर इनरवा में शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया।सीओ आशीष आनंद और इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में पुलिस का पैदल मार्च इनरवा के विभिन्न इलाकों से गुजरा और लोगों को पूजा में शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। फ्लैग मार्च में इनरवा,खमिहा आदि गांवों में पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लोगों से दुर्गापूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। असामाजिक तत्वों को चेतावनी पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च के माध्यम से दिया। लोगों से असत्य पर सत्य की विजय के त्यौहार दशहरे को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की गयी। अधिकारियों ने इस दौरान असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। सभी चिन्हित जगहों पर पुलिसबलों व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगी। फ्लैग मार्च में इनरवा पुलिस और एसएसबी के अधिकारी व जवना शामिल रहें।

# सांसद ने सिकटा में बाढ़ प्रभावित इलाके का किया दौरान,पीड़ितों से हुए रू-ब-रू



चा0 भूमि ,सिकटा

सांसद सुनील कुमार कुशवाहा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर जायजा लिया।सांसद के साथ में बीडीओ अजीत कुमार रौशन व सीओ प्रिया अर्याणी के अलावे जदयू प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अनवर उर्फ मुन्ना,भाजपा मंडल अध्यक्ष बिट्टू कुमार राय,धर्मराज सिंह राजपूत उर्फ अनिल सिंह,मधुसूदन पटेल,शत्रुघ्न कुवंर,विपिन कुमार गुप्ता,पूर्व उपप्रखंड प्रमोद कुमार सिंह,नेयाज आलम,नवीन कुमार गुप्ता,आलोक कुमार,मिरोज अहमद,मनोज पटेल व पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव समेत कई शामिल थे।सांसद ने इस दौरान सूर्यपुर,मसवास,कठिया-मठिया व सिकटा गांव के पूरब त्रिवेणी नहर का उतरी तटबंध,अठाइस लाखा पुल के पास सिकटा नदी का पश्चिमी सुरक्षा बांध व सुर्यपुर पंचायत के बलरामपुर के पूरब ओरिया नदी के टुटे पश्चिमी सुरक्षा बांध का जायजा लिया।इस बीच पीड़ित ग्रामीण व किसानों से उनकी समस्याओं से रू-ब-रू हुए।उन्होंने प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों के ध्वस्त बांधों के मरम्मत के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से बात कर अविलम्ब मरम्मत कराने को कहा।वहीं ग्रामीणों ने सांसद से बताया कि अठ्ठाइशलाखा पुल व सिकटा छठिया घाट के पास सिकटा नदी का पश्चिमी सुरक्षा बांध पिछले साल में आए बाढ़ में ही टुट गया था। वहीं त्रिवेणी नहर का उतरी तटबंध सिकटा नदी के पास बीते साल ही टुटा था।जिसका मरम्मत बाढ़ के बाद नहीं कराया गया था।कोई पुछने वाला नहीं था।इस साल बरसात का समय बीतने के बाद आया बाढ़ उसी रास्ते से फिर तबाही मचाया है।लगभग तैयार धान का फसल बर्बाद हो गया है।

# पैक्स चुनाव की बजी डुगडूगी

चाणक्य भूमि गौनाहा

» 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक 5 चरणों मे होगा पैक्स चुनाव

राज्य में 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक पैक्स चुनाव कराये जाएंगे। यह पांच चरणों में होगा. सरकार द्वारा पूर्व से लागू आरक्षण व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित होगा। चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे।

15 नवंबर को पैक्स चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी होगी. विभिन्न पर्व-त्योहारों के अवकाश को देखते हुए बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से पैक्स चुनाव संबंधी कार्यक्रम तय किया गया है।

प्राधिकार ने राज्य में 6819 पैक्सों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु सारी तैयारियां अभी से सुनिश्चित करने का दिशा-निर्देश सभी जिलाधिकारी डीएम उप विकास आयुक्त डीडीसी और जिला सहकारिता पदाधिकारी डीसीओ को दिया है।

पैक्स चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा बुधवार को राज्यस्तरीय बैठक की गई जिसमें सभी डीडीसी और डीसीओ को अलर्ट मोड में सारी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरिश शंकर और सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह तथा डीआइजी, हेडक्वार्टर विवेक कुमार ने संबोधित किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरिश शंकर ने बताया कि पांच वर्ष पहले 2019 के दिसंबर में राज्य में पैक्स चुनाव कराए गए थे. तब 6819 पैक्सों में निर्वाचन संपन्न कराया गया था। इस वर्ष 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक पैक्सों में चुनाव कराने का कार्यक्रम तय किया गया है. पांच चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान के दिन ही मतगणना प्रक्रिया पूरी करायी जाएगी।

अगर उस दिन किसी कारणवश जिस पैक्स में मतगणना नहीं हो पाया तो उसकी मतपेटियां वज्रगृह में रखी जाएंगी और दूसरे दिन हर हाल में मतगणना करायी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अक्टूबर में मुख्य सचिव और गृह सचिव के स्तर पर प्राधिकार की बैठक होगी जिसमें पैक्स चुनाव संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा होगी। उसके बाद

पैक्स चुनाव के प्रस्तावित कार्यक्रम पर मुहर लगेगी. तीन साल से अधिक समय से पदस्थापित जिला सहकारिता पदाधिकारी व प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी हटाये जाएंगे।

# विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक शनिवार को प्रखंड कार्यालय में लगेगा कैंप



चाणक्य भूमि मोतिहारी

» कंट्रोल रूम नंबर 9031633795 पर विद्युत संबंधी समस्या की दी जा सकेगी जानकारी, किया जाएगा निराकरण

जिलाधिकारी सौरव जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं के निराकरण के लिए कैंप लगाई जाए और कंट्रोल रूम नंबर जारी किया जाए। इस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल मोतिहारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को कार्यालय अवधि में सभी प्रखंड कार्यालय में विद्युत समस्या निराकरण कैंप लगाया जाएगा। जहां पर विद्युत उपभोक्ता बिजली के तार, पोल, ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर, नॉर्मल बिलिंग और नया कनेक्शन इत्यादि समस्या की जानकारी देंगे। उस पर तक्षण कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण कराया जाएगा। कैंप में सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के साथ-साथ एक टीम रहेगी जो आवेदन प्राप्त करेगी और जांचों परांत शीघ्रता से समस्या निराकरण करेगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर- 9031633795 पर फोन कर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकेगी, जिसका निराकरण शीघ्रता के साथ कराई जाएगी।

स्मार्ट मीटर के लाभ को बताते हुए कार्यपालक अभियंता ने कहा कि सभी पुराने मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है एवं स्मार्ट मीटर लगाने के समय उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं ली जाती है। स्मार्ट मीटर द्वारा नए विद्युत कनेक्शन स्थापित करने के लिए किसी प्रकार का प्रतिभूति राशि नहीं ली जाती है बल्कि पहले से लिए गए प्रतिभूति की राशि को स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत वापस भी किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर विद्युत प्रणाली को पारदर्शी एवं सुलभ बनता है जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध होती है।

# हॉकी इंडिया लीग की वापसी पर हरमनप्रीत सिंह ने कहा- भारतीय हॉकी के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता

एजेंसी, बेंगलुरू



हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग के वापसी की घोषणा की। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों रांची, झारखंड में मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी।

महिला लीग का समापन 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते सितारे थे, और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया। उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के स्तर को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है और इसकी घोषणा के बाद बेहद खुशी हैं। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "भारतीय हॉकी के लिए हॉकी इंडिया लीग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। पिछली बार यह सीखने का एक शानदार अनुभव था और मुझे यकीन है कि सभी हॉकी खिलाड़ी लीग में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, उनके खेलने के तरीके में सूक्ष्म अंतरों को देखने और उन अच्छी आदतों को अपनाने का प्रयास करने का एक शानदार अवसर होगा जो वे नोटिस करते हैं।" हरमनप्रीत सिंह ने 2017 हॉकी इंडिया लीग के दौरान छह गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। तब से उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल करके हॉकी जगत में तहलका मचा दिया है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे अलग-अलग कोचों के तहत अलग-अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। लीग में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना आपके दिमाग को खोलता है और आपको कई दृष्टिकोण और सोचने के तरीके प्रदान करता है। यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अभिन्न था और इसने निश्चित रूप से टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया जहां हमने कांस्य पदक जीता।" एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी 24 खिलाड़ियों की एक टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करना) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख के आधार मूल्य के साथ तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग इस बार बहुत बड़ी होगी; एक महिला लीग भी होगी जो दोनों स्थानों पर एक ही समय पर चलेगी। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बनने की यात्रा में अमूल्य साबित होगा। नीलामी जल्द ही होने वाली है और मैं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जहां तक मेरी बात है, मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मैं किस टीम का प्रतिनिधित्व करूंगा और हॉकी क्रांति कब फिर से शुरू करूंगा।"

# महिला टी 20 विश्व कप: भारत की निराशाजनक शुरुआत, न्यूज़ीलैंड ने 58 रन से हराया

एजेंसी, दुबई



रोज़मेरी मैयर के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत पर 58 रन की शानदार जीत हासिल की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारतीय बल्लेबाजों के पास व्हाइट फर्न्स की गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था और कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की शुरुआत खराब रही और ईडन कार्सन ने शेफाली वर्मा (2) और स्मृति मंधाना (13 गेंदों में 12 रन, दो चौकों की मदद से) को पवेलियन भेज दिया।

भारतीय टीम ने 4.4 ओवर में केवल 28 रन पर दो विकेट खो दिये। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो शानदार पारी खेलकर भारत की नंबर तीन की स्थिति की दुविधा को हल करना चाह रही थीं, 11 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर रोजमेरी मैयर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। भारत ने पावरप्ले से पहले 42 रन पर अपने तीन सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को खो दिया था। छह ओवर में पावरप्ले की समाप्ति पर, भारत का स्कोर 43/3 था, जिसमें ऋचा घोष (1*) और जेमिमा रोड्रिग्स (6*) नाबाद थीं। भारत ने 7.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। भारतीय टीम बड़ी साझेदारी करने में विफल रही, क्योंकि ली ताहुहू ने रोड्रिग्स (13) और ऋचा घोष (19 गेंदों में 12) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। भारत ने 11 ओवर में 70 रनों पर अपने 5 विकेट खो दिये। इसके बाद अरुंधति रेड्डी को एक रन पर सूजी बेट्स ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच कर लिया, यह मैयर का मैच में दूसरा विकेट था। भारतीय टीम 12.2 ओवर में 75 रन पर 6 विकेट खो चुकी थी। ली ने दीप्ति को 13 रन पर आउट करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि अमेलिया केर ने पूजा वस्त्रकार को मात्र आठ रन पर आउट कर दिया। भारत 15.3 ओवर में 90/8 पर पहुंच गया। मैयर ने बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप को भी ध्वस्त कर दिया और भारतीय टीम 19 ओवर में 102 रन सिमट गई। मैयर ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि ली ताहुहु ने 15 रन देकर 3 विकेट लिये। कार्सन ने भी दो विकेट मिले।

# पहले टेस्ट से बाहर हुए बेन स्टोक्स

एजेंसी, नई दिल्ली



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कथित तौर पर वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। स्टोक्स की अनुपस्थिति में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे। अगस्त में हंड्रेड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज से बाहर हो गए थे, उनके अब और क्रिसमस के बीच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में छह टेस्ट मैचों में के लिए कप्तानी फिर से शुरू करने की उम्मीद थी।

स्टोक्स शुक्रवार को मुल्तान में लगभग 40 डिग्री की गर्मी में प्रशिक्षण के दौरान एक या दो ओवर फेंके। उनकी अनुपस्थिति से इंग्लैंड को एक बार फिर इस पर काम करने की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा, 'वह अपनी चोट से अच्छी तरह उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक पता नहीं है।' टीम के संतुलन के बारे में पूछे जाने पर, क्रॉली ने जवाब दिया, 'हमारे पास गेंद और बल्ले के साथ बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जैसा कि गर्मियों में साबित हुआ। जो भी टीम आएगी, हम तैयार हैं।'

# कोच से अलग होने के बाद इगा स्विएटेक ने वुहान ओपन से नाम वापस लिया

एजेंसी, वारसॉ

विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने कोच टॉमस विक्टरोवस्की के साथ सहयोग समाप्त करने के बाद वुहान ओपन से नाम वापस ले लिया। शुक्रवार को स्विएटेक ने एक बयान में उक्त जानकारी दी। पोलिश खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन शुक्रवार को, इसके शुरू होने से तीन दिन पहले, आयोजकों को उनके नाम वापस लेने की सूचना दी गई। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एक नए कोच की तलाश में लगी हुई हैं। स्विएटेक ने शुक्रवार को एक बयान में लिखा, "अपने करियर में तीन साल तक सबसे बड़ी सफलताएँ हासिल करने के बाद, कोच टॉमस विक्टरोवस्की और मैंने अपना सहयोग समाप्त करने का फैसला किया।" विक्टरोवस्की ने पोलिश खिलाड़ी को चार ग्रैंड स्लैम खिताब दिलाए। स्विएटेक ने कहा, "कोच विक्टरोवस्की तीन सीज़न पहले मेरी टीम में शामिल हुए, जब मुझे वास्तव में बदलाव और एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। उनके अनुभव, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक दृष्टिकोण और टेनिस के विशाल ज्ञान का मतलब था कि कुछ महीनों बाद मुझे ऐसी सफलताएँ मिलने लगीं, जिनके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। हमारा लक्ष्य दुनिया में नंबर एक बनना था।"

# शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में पहुंचे अल्कराज

एजेंसी, शंघाई



चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को चीन के शांग जुनचेंग को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने पहले गेम में ब्रेक लिया और 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की।

पिछले महीने चेंगदू ओपन में एटीपी टूर एकल खिताब जीतने वाले केवल दूसरे चीनी खिलाड़ी बने शांग, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ ज्यादा हासिल नहीं कर सके। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, "मैं हाल ही में वास्तव में अच्छा टेनिस खेल रहा हूं इसलिए मैं इसे जारी रखना चाहता हूं और इसे महसूस करना चाहता हूं, मैंने सिर्फ एक अभ्यास किया था और फिर सीधे इस मैच में पहुंच गया, इसलिए पहले मैच में यह स्तर दिखाने में सक्षम होने पर मुझे वास्तव में गर्व है।" अल्कराज ने नौ मैचों की जीत के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, उन्होंने हाल ही में बीजिंग में चाइना ओपन जीता, और फाइनल में शीर्ष क्रम के इतालवी जैनिक सिनर को हराया।

## व्यापार

# वित्त मंत्री ने अधिकारियों को 100 दिनों में बनी गति कायम रखने का दिया निर्देश

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को अधिकारियों को भारत सरकार के पहले 100 दिनों में बनी गति को बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम करने को कहा, ताकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य योजना के अनुसार पूरे हों।

केंद्रीय वित्त मंत्री राजधानी नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग (डीओई) के तहत 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना' के व्यय का आकलन करने के लिए आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान कही। सीतारमण ने योजना की भूमिका को स्वीकार करते हुए राज्यों के साथ निरंतर सहयोग के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने उन्हें परिकल्पित सुधारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सीतारमण ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह योजना राज्य स्तर पर पूंजीगत व्यय को बढ़ाने में सहायक रही है, जो बदले में बुनियादी ढांचे के विकास, नौकरी सृजन और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करती है। वित्त मंत्री ने शिक्षा विभाग के सचिव से राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने और योजना के तहत प्रस्तावों को प्रस्तुत करने और अनुमोदन में तेजी लाने का आग्रह किया, ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि पूंजी निवेश समय पर और कुशल तरीके से किया जाए। वित्त मंत्रालय के एक्स पोस्ट पर जारी बयान के मुताबिक इस बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) और व्यय विभाग के सचिव भी मौजूद थे। मंत्रालय के मुताबिक यह बैठक एक सतत श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण व्यय वाले प्रमुख मंत्रालयों और विभागों के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के प्रदर्शन की समीक्षा करना है, जो समय पर पूंजी निवेश के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर सरकार को मजबूत करता है। इस बैठक के दौरान डीओई सचिव ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी, जो केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋणों के माध्यम से पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों की क्षमता को बढ़ाने की पहल है। इस योजना के भाग-I में 'अनटाइड फंड' घटक है, जिसका उपयोग राज्य अपनी पूंजी निवेश परियोजनाओं के लिए कर सकते हैं।

# हुंडई मोटर अपने आईपीओ के साइज और वैल्यू में कर सकती है बदलाव, 7 को सेबी के पास जमा होगा अपडेट ड्राफ्ट

### 14 अक्टूबर को लॉन्च हो सकता है देश का सबसे बड़ा आईपीओ

एजेंसी, नई दिल्ली




देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड अगले हफ्ते 7 अक्टूबर को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपने आईपीओ के लिए अपडेट ड्राफ्ट फाइल कर सकती है। माना जा रहा है कि अपडेट ड्राफ्ट में कंपनी अपने प्रस्तावित इश्यू के साइज, वैल्यू और टाइमिंग जैसे डिटेल में बदलाव कर सकती है। अभी तक की खबरों के मुताबिक हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड 14 अक्टूबर को 25 हजार करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर सकती है। इसकी क्लोजिंग 16 अक्टूबर को हो सकती है। अगर आईपीओ के साइज में अपडेट ड्राफ्ट में बदलाव नहीं किया गया तो ये आईपीओ देश में अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। इसके पहले भारतीय जीवन बीमा निगम ने 2022 में 21 हजार करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया था, जो अभी तक का देश का सबसे बड़ा आईपीओ है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने सेबी के पास अपने आईपीओ के लिए जो ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया है, उसके मुताबिक कंपनी आईपीओ के जरिए 14,21,94,700 शेयरों को ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए पेश करेगी।

इसके अतिरिक्त कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। आपको बता दें कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 15 जून को मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास अपना डीआरएचपी जमा कराया था। इसके बाद सेबी की ओर से कंपनी को आईपीओ के लिए मंजूरी मिल गई है। इस आईपीओ के जरिए हुंडई मोटर इंडिया 17.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस आईपीओ में निवेश करने के लिए कई ऐसेट मैनेजर्स, पेंशन फंड्स, बीमा कंपनियों और सॉवरेन वेल्थ फंड समेत कई विदेशी संस्थागत निवेशकों तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अपने दिलचस्पी दिखाई है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिल सकता है। हालांकि अगर आईपीओ लॉन्चिंग के समय मिडिल ईस्ट का तनाव बना रहा और विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से पैसा निकालने का क्रम जारी रहा, तो इससे हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के आईपीओ पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

# सर्विस सेक्टर की ग्रोथ 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

### मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई भी 8 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी, नई दिल्ली



सितंबर महीने में सर्विस सेक्टर की ग्रोथ गिर कर 10 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। माना जा रहा है कि जबरदस्त प्रतिस्पर्धा, निर्यात की मांग में कमी और लागत के ऊपर बने दबाव की वजह से सर्विस सेक्टर की ग्रोथ में ये गिरावट आई है। सर्विस सेक्टर की तरह ही मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ भी सितंबर महीने में गिर कर 8 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। एचएसबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सर्विसेज पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) सितंबर महीने में घट कर 57.7 के स्तर पर आ गई है, जबकि अगस्त के महीने में सर्विसेज पीएमआई 60.9 के स्तर पर थी। इसी तरह से नंबर के महीने में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर के ग्रोथ में भी गिरावट आई है। इस महीने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां 8 महीने के सबसे निचले स्तर 56.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इस गिरावट के कारण भारत की कंपोजिट पीएमआई भी घट कर 57.1 के स्तर पर आ गई है। कंपोजिट पीएमआई मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई और सर्विसेज पीएमआई का औसत होती है। बताया जा रहा है कि निर्यात की मांग में कमी, जबरदस्त प्रतिस्पर्धी माहौल और लागत पर बने दबाव की वजह से एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स पिछले 9 महीने में पहली बार 60 के स्तर से नीचे चला गया है। राहत की बात यही है कि ये अभी भी एक्सपेंशन की न्यूनतम सीमा 50 के स्तर के ऊपर बनी हुई है।

# स्पाइसजेट ने फाइनेंशियल कमिटमेंट सेटल करने का किया ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली



लंबे समय से वित्तीय परेशानियों का सामना कर रही डोमेस्टिक लो कॉस्ट एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने अपने फाइनेंशियल कमिटमेंट्स के सेटलमेंट का ऐलान किया है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि एम्पलाइज की पेंडिंग सैलरी और जीएसटी का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही पिछले 10 महीने से बकाया प्रोविडेंट फंड की राशि भी जमा करा दी गई है। स्पाइसजेट ने हाल में ही अपनी वित्तीय परेशानियों का निपटारा करने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए 50 करोड़ डॉलर यानी करीब 3,750 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की है। एयरलाइन के मैनेजमेंट की ओर से दावा किया गया है कि फंड की व्यवस्था होने के बाद कंपनी का कामकाज सही ट्रैक पर आ गया है। कोरोना काल के पहले डोमेस्टिक एविएशन मार्केट में स्पाइसजेट की हिस्सेदारी करीब 15 प्रतिशत थी लेकिन कोरोना काल के बाद कंपनी की वित्तीय सेहत बिगड़ती चली गई। नकदी का संकट हो जाने के कारण स्पाइसजेट को अपनी विस्तार योजनाओं से भी पीछे हटना पड़ा।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 अरब डॉलर के पार पहुंचा

एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली



देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार रिकॉर्ड 700 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसमें लगातार 7वें हफ्ते बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विदेशी मुद्रा भंडार में ये वृद्धि आरबीआई की डॉलर खरीदने और वैल्यूएशन में बढ़ोतरी की वजह से आई है। इसके साथ ही अब भारत चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद 700 अरब डॉलर से ज्यादा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 सितंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान 12.588 अरब डॉलर बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर रहा था। यह जुलाई 2023 के मध्य के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 616.15 अरब डॉलर हो गई। 27 सितंबर को समाप्त हफ्ते में स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य भी 2.18 अरब डॉलर बढ़कर 65.79 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 80 लाख डॉलर बढ़कर 18.55 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.39 अरब डॉलर रहा।

# जांच के दौरान पुलिस ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार वाहन जप्त

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** पुलिस जिला के धनहा थाना कि पुलिस ने धनहा गौतम बुद्ध सेतु चेक पोस्ट से वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार किया है। शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे एक उजला कलर की बोलेरों में पड़रौना से शराब की बड़ी खेप को लेकर चौतरवा की तरफ जा रही थी। जिसे वाहन जांच के दौरान धनहा थाना की पुलिस ने गौतम बुध सेतु चेक पोस्ट पर बोलेरो की तलाशी शुरू की, बोलेरो के सीट के नीचे तथा बोलेरो के छप्पर पर तहखाना बना हुआ था जिसमे से भारी मात्रा में शराब मिली है। वही बोलेरो व शराब को जप्त करते हुए पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि उत्तरप्रदेश के पड़रौना से शराब की खेप लेकर चौतरवा की तरफ जा रहा था जिसे वाहन जांच के दौरान शनिवार की दोपखर करीब करीब 12 बजे शराब के साथ बोलेरो को जप्त करते हुए कारोबारी जगदीश गुप्ता ग्राम देवरिया थाना गौरीबाजार जिला देवरिया उत्तरप्रदेश निवासी को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## मध्य विद्यालय लालसरैया में अभिवावक गोष्ठी का आयोजन



चाणक्य भूमि(मझोलिया)

**मझोलिया।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालसरैया में शनिवार के दिन अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट और रिपोर्ट कार्ड बच्चों के अभिभावको को दिखाया गया।शिक्षकों ने अभिवावको से बच्चो का प्रगति रिपोर्ट के संदर्भ में अवगत कराया और कहा कि स्कूल के अलावे भी बच्चों पर ध्यान दे।नीव मजबूत करना जरूरी है।बच्चो को प्रतिदिन विधालय भेजे।इस अवसर पर चंद्रिका राम,कुमारी सीमा,श्यामा कुमारी,कविता कुमारी,सीमा चौधरी,शशि रंजन चौबे,बलवंत कुमार, जयलाल महतो,रवी कुमार,रईस सिद्दीकी, अबुलेस अंसारीआदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार बाइक को रौदतें दुकान में घुसा, चार घायल,चालक फरार

चाणक्य भूमि (मझोलिया)



» पुलिस ने कार को किया जब्त

**मझौलिया।** शनिवार को एन एच 727 के लालसरैया चौक पर बेतिया की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी।फिर एक होटल में घुस गया, नतीजतन चार लोग बुरी तरह घायल हो गये।सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस टीम ने सभी घायलों को इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया।घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के शेख मंझरिया निवासी मनोज कुमार एवं उमेश कुमार तथा लालसरैया वार्ड नं 1 निवासी सदरे आलम का पुत्र मजीद आलम एवं अफरोज आलम के रुप में हुई है।वही कार चालक भीड़ का लाभ उठाकर कार छोड़कर फरार हो गया।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि 112 की टीम द्वारा गाड़ी को जब्त कर ली गयी है।




## बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश, चार दिनों का दिया अल्टीमेटम

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** प्रखण्ड बगहा दो के सेमरा और आसपास के गांवों में पिछले एक महीने से बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्मार्ट मीटर से अग्रिम भुगतान करने के बावजूद नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, और विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम के समय सप्लाई बंद हो जाती है, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सेमरा फीडर क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के ग्रामीण एकजुट होकर विभाग को चार दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। अक्रोशित लोगों में मनोज राम, हरिहर राम, सीमा देवी, नगीना राम, सुदर्शन राम और प्रकाश राम शामिल हैं। इनका कहना है कि विभाग ने बिजली आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं दिया है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। वहीं इस मामले में बगहा विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि मसान नदी में आई बाढ़ के कारण 33 केवी का टावर नदी में बह गया था, जिसके कारण बगहा शहर से सेमरा, कुम्हिया और चौतरवा फीडर को रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। अभियंताओं की देखरेख में 33 केवी केबीए के टावर को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है, और इसके पूरा होने के बाद सभी फीडरों को नियमित रूप से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## नवलपुर माई के स्थान के बगल सड़क में निर्माण हों रहे पुल का डायवर्सन को टूटे हुए तीन दिन हों चुके अभी तक मरम्त कार्य नहीं हुआ लोग हुए परेशान



चाणक्य भूमि योगापट्टी सवददाता

**योगापट्टी।** बेतिया मनुआपुल और नवलपुर मुख्य सड़क मार्ग में योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत नवलपुर माई स्थान के बगल सड़क में हरहा नदी पर निर्माण हों रहे पुल का डायवर्सन मंगलवार दिन को पूरी तरह ध्वस्त हों गया था | आज तीन दिन इस पुल के डायवर्सन को टूटे हुए हों चूका हैं लेकिन अभी तक इसका मरम्ती कार्य पूर्ण नहीं हुआ हैं जिस कारण आम ग्रामीण जनता का याता यात बाधित हैं नवरात्र में लोगो को माता का दर्शन करने के लिए श्रद्धांलुओं को नदी तैरकर या निमुईया चौक घूम कर जाना पड़ रहा हैं । नवलपुर बाजार के दुकानदारों ने बताया कि ज़ब से डायवर्सन टुटा हैं तब से बाजार मे आने वाले ग्राहकों का आवा गमन बंद हों गया हैं जिसके चलते हम लोगो का व्यापार ठप हों गया हैं । नवलपुर माई स्थान के नवरात्र मेले में आये हुए दुकान दारों ने भी कहा कि डायवर्सन टूटने से मेले में लोगो का आवा जाहि कम हैं जिससे हमारी दुकानदारी ठप हों गया हैं हम लोग चाहते हैं कि सड़क बनाने वाली कम्पनी इसको जल्दी मरम्ती करवा दे कि आवा गमन चालू हों जाये | वहीं सड़क कंन्ट्रक्शन कम्पनी के संवेदक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस हरहा नदी में दो तीन रोज पहले पानी के उफान के कारण डायवर्सन पर दबाव बढ़ गया और वह ध्वस्त हों गया, उस दिन से ही हम लोग मजदूरों एवं जेसीबी मशीन से मरम्ती कार्य में लगे हुए हैं लेकिन पानी का बहाव इतना तेज हैं कि कोई भी चीज उसमे डाला जा रहा हैं वह उसके बहाव से ही बह जा रहा हैं |उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार दिन को सुबह में ग्रामीणों के सहयोग से बिजली का पोल रखकर पैदल लोगो के लिए आवा गमन चालू किया गया हैं।







## दुर्गा पूजा के अवसर पर डीएम, एसपी, नगर आयुक्त ने शहर के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया



चा ० भूमि, मोतिहारी

दुर्गा पूजा के अवसर पर डीएम एसपी एवं नगर निगम आयुक्त के द्वारा शहर के सभी पूजा पंडाल का निरीक्षण किया गया किया। निरिक्षण के दौरान पूजा समिति को सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

डीएम सौरभ जोरवाल ने कहा कि सभी जगह होंगे हमारे अधिकारी, सीसीटीवी से रखी जाएगी सभी पर नजर।एसपी ने कहा कि पूजा पंडाल मे महिला वोलेंटियर की तैनाती की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आसामजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सिविल पुलिस बल को शहर के चारो तरह फैलाया गया है। मौके पर नगर थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## हरसिद्धि प्रखंड में अर्धवार्षिक परीक्षाफल का वितरण

चा ० भूमि,बगहा

यूएमएस बगहा विद्यालय प्रखंड हरसिद्धि में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी सह अर्धवार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन एवं परिणाम पत्रक का वितरण हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रधान लालसा कुमारी वरीय शिक्षक इफ्तेखार आलम,सहित सभी शिक्षक , विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष चिंता कुमारी ,सचिव शांति देवी सहित पोषक क्षेत्र के शिक्षा प्रेमी एवम दर्जनों अभिभावक उपस्थित हुए।विद्यालय प्रधान लालसा कुमारी ने बताया की विद्यालय में सरकारी स्तर से विद्यालय में बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक व बैग, कीट आदि का वितरण भी किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बीपीएससी से चयनित गणित एवं विज्ञान शिक्षक श्री राहुल मिश्रा ने बताया कि यहां सरकारी विद्यालय में भी मेधावी बच्चों की कमी नहीं है,यह गणित एवम विज्ञान की शिक्षा एफएलएन कीट के सहयता से बच्चो के मानसिक स्तर पर मनोवैज्ञानिक तरीके से पढ़ाई जाती है।प्रारंभिक स्तर पर शिक्षिका सरोज कुमारी द्वारा चहक गतिविधि के माध्यम से बच्चो को प्ले वे मैथड से पढ़ाई जाती है।वही विद्यालय के युवा शिक्षक संतोष श्रीवास्तव पढ़ाई के साथ साथ योग एवम खेल कूद के लिए भी छात्रों को प्रेरित करते है।सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को छात्रों तक सही से पहुंचने के लिए पोषक क्षेत्र के अभिभावक भी विद्यालय की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राहुल मिश्रा के द्वारा किया गया एवम उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को श्री मिश्रा एवम प्रधानाध्यापक द्वारा प्रोत्साहित कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## नगर निगम क्षेत्र में भवन निर्माण का नक्शा पास करने में हो रही उगाही पर लगाए रोक:गरिमा

चाणक्य भूमि



» लगातार मिल रहीं जन शिकायतों को लेकर जांच और कार्रवाई का महापौर ने दिया नगर आयुक्त को आदेश

**बेतिया।** नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित भवनों के निर्माण में बड़े पैमाने पर उगाही और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने का खुलासा किया है। इसको लेकर महापौर ने नगर आयुक्त शंभू कुमार को लिखे अपने पत्र में लिखा है कि दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि बेतिया नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने में अवैध उगाही की शिकायतें आए दिन मिल रहीं हैं। वही प्राप्त आवेदन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने में भी उगाही के उद्देश्य से भारी विलंब किया जा रहा है।महापौर श्रीमती सिकारिया ने लिखा है कि आवेदनों की प्राप्ति के बाद जांच के नाम पर उसे महीनों लटका कर अनेक संबंधित के स्तर पर किश्तवार उगाही की शिकायत मिलने का उल्लेख किया है। इसको लेकर भी लगातार मिल रही टेलीफोनिक शिकायतों को लेकर निर्देश है कि कार्यालय लंबित जांच और दोषियों पर कार्रवाई के साथ इस विंग से संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को हिदायत देने के साथ कड़ी नजर रखने के साथ सात दिनों के अंदर निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन महापौर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का आदेश नगर आयुक्त को दिया है।







## भंगहा में लाखों रुपये मूल्य के गांजा के साथ दो तस्कर धराये

चा ० भूमि,मैनाटाड़



भंगहा पुलिस ने नेपाल से गांजा लेकर आ रहे दो तस्करों को धर दबोचा है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद माझी को शनिवार के सुबह गुप्त सूचना मिली कि कुछ तस्कर नेपाल से गंजा की खेप लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गये है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ जगह पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर नाका लगा दिया। इसी दौरान धुमाटाड़ जसौली शीतला माई मंदिर से सटे तीनमुहानी के पास से दो संदिग्ध व्यक्ति माथा पर बोरा लिये हुए आते दिखाई दिये। जब पुलिस ने दोनों संदिग्ध को रोकना चाहा तो उक्त लोग माथे से बोरा फेककर भागने लगे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए भाग रहे दोनों व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान पूछताछ के बाद दोनों ने अपना नाम थाना क्षेत्र के बेहरी गांव निवासी प्रहलाद दिसवा तथा रामपुर गांव निवासी त्रिलोकी खवास बताया। जब बोरे की तलाशी ली गयी तो बोरे से 20 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों तस्करों और गांजा को जब्त कर थाना लाया गया। इधर थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद माझी ने बताया कि धराये तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत कांड दर्ज कर दोनो तस्कर को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।जब्त गांजा कि अंतरराष्ट्रीय कीमत आठ लाख छत्तीस हजार रुपए आकी गई है। वही छापेमारी दल में थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद माझी, पुअनि मुकेश कुमार पासवान, सअनि सुरेंद्र जायसवाल, सुरेंद्र पासवान, रामेश्वर यादव, हवलदार राजनाथ रविनाथ, डीएपी सिपाही दीपक कुमार, राजेश कुमार सिंह आदि शामिल रहें।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714